राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित
वर्ष : 12
अंक : 84
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 08 अक्टूबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन किया
पेज 5 बेटी के प्रेम-प्रसंग से बौखलाया सौतेला पिता, निकाह के बहाने घर बुलाकर प्रेमी के घोंप दिया चाकू
पेज 7 'भगवान ने आपको सत्ता में रखा' : 70 साल के हुए पुतिन, रूस के धार्मिक नेता दे रहे बधाई

## मुंबई में 120 करोड़ की ड्रग्स जब्त, अब तक 6 लोग गिरफ्तार

### तस्करी में एयर इंडिया का पूर्व पायलट शामिल

एजेंसी

मुंबई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शुक्रवार को मुंबई के एक गोदाम से करीब 120 करोड़ रुपए की 60 किलो मेफेड्रोन ड्रग्स जब्त की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दो लोग एयर इंडिया के हैं, जिसमें एक पूर्व पायलट सोहेल गफ्फार है। सोहेल ने कुछ साल पहले



ही स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए नौकरी छोड़ दी थी। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि इसी ड्रग कार्टेल ने बाजार में करीब 225 किलो मेफेड्रोन ड्रग बेची है। इसमें से 60 किलो ड्रग्स जब्त की गई।

### गुजरात ड्रग मामले से जुड़ा है मुंबई ड्रग्स केस

पुलिस के मुताबिक, ये किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। इसी हफ्ते गुजरात के जामनगर में ड्रग्स तस्करी में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जामनगर में नौसेना की खुफिया जानकारी के बाद मुंबई ड्रग का भंडाफोड़ हुआ था। अब उसी मामले का कनेक्शन भी इस मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। इस साल की शुरुआत में गुजरात में कई ठिकानों से ड्रग्स जब्त की गई थी। अगस्त में वडोदरा में 200 किलो मेफेड्रोन ड्रग्स जब्त का गई थी। अप्रैल में कांडला पोर्ट से 260 किलो ड्रग्स जब्त किया गया था। इसी तरह पिछले सितंबर में मुंबई पोर्ट से 21 हजार करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा नशीली ड्रग्स जब्त की गई थी।

## सरकार की विफलता है जीडीपी में गिरावट : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था की सेहत लगातार बिगड़ रही है और रुपये रिकार्ड स्तर पर कमजोर होने तथा विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट के साथ ही अब विश्व बैंक ने जीडीपी की विकास दर के अनुमान को भी फिर घटा दिया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुरुवार शाम को विश्व बैंक ने इस साल भारत की अनुमानित जीडीपी दर को तीसरी बार घटाया है और यह अब 7.5 प्रतिशत से घटा कर 6.5 प्रतिशत कर दी गई है। विश्व बैंक ने भारत में ग़रीबी बढ़ने पर चिंता जताते हुए खुलासा किया है कि कोविड काल में क़रीब 5.6 करोड़ भारतीय अत्यधिक ग़रीबी में चले गए थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान नकारात्मक भूमिका निभाई थी और मोदी सरकार की इन्हीं विफलताओं के कारण अर्थव्यवस्था बदहाल हुई है। देश में ग़रीबी भी बहुत बढ़ी है और इन्हीं सब परिस्थितियों को देखते हुए विश्व बैंक ने तीसरी बार अनुमानित जीडीपी विकास दर घटाई है।

प्रवक्ता ने तंज करते हुए कहा कि विश्व बैंक के जीडीपी की अनुमानित दर घटाने को देश के ख़िलाफ़ अंतरराष्ट्रीय साज़िश मानकर मोदी सरकार कहीं उसके खिलाफ भी ईडी न छोड़ दे, लेकिन ऐसा करने से पहले उसे यह भी समझ लेना चाहिए कि सिर्फ विश्व बैंक ने ही नहीं बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को इससे पहले एशियाई विकास बैंक, मूडीज, फिच और यहाँ तक की रिजर्व भी घटा चुका है।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद कमज़ोर हो रही है और आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है।

## दिल्ली शराब घोटाले में ईडी की 35 लोकेशन पर रेड

### सीएम केजरीवाल बोले- कुछ नहीं मिलेगा, गंदी राजनीति के लिए अधिकारियों का समय बर्बाद किया जा रहा

नई दिल्ली। दिल्ली की शराब नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली, पंजाब और हैदराबाद में छापेमारी शुरू की। यहां की 35 से ज्यादा लोकेशन पर ईडी की टीमें सुबह-सुबह पहुंचीं। इन राज्यों में शराब वितरकों, कंपनियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं की तलाशी ली जा रही है। दिल्ली की शराब नीति पिछले साल 17 नवंबर को लागू की गई थी।

इस साल जुलाई में इसके खिलाफ सीबीआई जांच शुरू होने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने खत्म कर दी थी। अब तक 103 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। वहीं अरविंद केजरीवाल ने केंद्र पर हमला किया और छापेमारी को गंदी



राजनीति करार दिया।

### केजरीवाल बोले- ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा

केजरीवाल ने ट्वीट किया- 500 से ज़्यादा रेड, 3 महीनों से CBI/ED के 300 से ज़्यादा अधिकारी 24 घंटे लगे हुए हैं। एक मनीष सिसोदिया के खिलाफ सबूत ढूंढने के लिए। कुछ नहीं मिल रहा।

क्योंकि कुछ किया ही नहीं। अपनी गंदी राजनीति के लिए इतने अधिकारियों का समय बर्बाद किया जा रहा है। ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा?

### भाजपा ने कहा- नीति में किया भ्रष्टाचार

भाजपा ने भी नीति में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा का मानना है कि इसमें खरीदारों को आकर्षित करने के लिए बड़ी छूट की पेशकश करने की अनुमति दी।

हालांकि, कका कहना है कि उनकी नीति का उद्देश्य भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना था। साथ ही भाजपा पर आरोप लगाया कि राजनीतिक लक्ष्यों के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर पार्टी के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल-सिद्दारमैया ने दौड़ लगाई

### भूपेश बघेल बोले- तैयारी करके जाना पड़ेगा; प्रियंका गांधी यात्रा में शामिल होंगी

नई दिल्ली। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों कर्नाटक में है। गुरुवार को इस यात्रा में कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्धारमैया शामिल हुए थे। वे राहुल गांधी के ठीक बगल में चल रहे थे। फिर अचानक राहुल गांधी ने उनका हाथ पकड़ा और भागना शुरू कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सिद्धारमैया आते हैं तो राहुल उनका हाथ पकड़कर दौड़ने का इशारा करते हैं। फिर पूर्व सीएम मुस्कुराते हुए राहुल गांधी के साथ कदम बढ़ा देते हैं। कांग्रेस की ओर से



शेयर किए गए इस वीडियो पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कमेंट किया है। उन्होंने लिखा कि अब तो तैयारी करके जाना पड़ेगा। अगले साल यानी 2023 में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। यही वजह है कि कांग्रेस यहां दोनों दिग्गज नेता सिद्धारमैया और पूर्व कैबिनेट मंत्री डीके शिवकुमार को समान महत्व दे रही है। कांग्रेस दोनों नेताओं के बीच संबंधों को मजबूत कर कार्यकर्ताओं में एकता का संदेश देने की कोशिश कर रही है।

### गुरुवार को यात्रा में शामिल हुई थीं सोनिया गांधी

**कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को केरल से शुरू हुई थी। 30 सितंबर को यात्रा कर्नाटक पहुंची। 21 अक्टूबर तक यात्रा यहां जारी रहेगी। गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी यात्रा में शामिल हुई थीं। उन्होंने राहुल गांधी और कार्यकर्ताओं के साथ पैदल यात्रा की। खराब स्वास्थ्य की वजह से सोनिया लंबे अंतराल के बाद किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान राहुल गांधी जमीन में बैठकर अपनी मां के जूते की लेस बांधते दिखे। अब आज यह यात्रा में प्रियंका गांधी शामिल होंगी।**

## दिल्ली पुलिस ने मोहाली आरपीजी हमला मामले का किया खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पंजाब के मोहाली में खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमले और कुरुक्षेत्र आईईडी बरामदगी मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक किशोर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी अर्शदीप और एक किशोर को गुजरात के जामनगर से गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल के अनुसार, पकड़े गए आरोपी पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा और कनाडा स्थित गैंगस्टर से आतंकवादी बने लखबीर सिंह लांडा के संयुक्त आतंकी नेटवर्क के महत्वपूर्ण लोग हैं।

गौरतलब है कि गत नौ मई की देर शाम पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी फायरिंग की गई। जांच के दौरान, यह स्थापित हुआ कि हमला बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) की साजिश थी, जिसे पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और स्थानीय गैंगस्टरों का समर्थन प्राप्त था। यह भी स्थापित हुआ कि हमले की साजिश गैंगस्टर से आईएसआई की कठपुतली रिंडा ने की थी। एक अन्य भगोड़ा गैंगस्टर लांडा ने जनशक्ति, रसद और संसाधनों को साझा करने के लिए रिंडा के साथ हाथ मिलाया था।

## 10 करोड़ में हुआ सोनाली फोगाट का मर्डर

### परिवार को मिली 2 गुमनाम चिट्ठियों में दावा; पीए सिर्फ मोहरा, हरियाणा के नेताओं की साजिश

हिसार। टिकटॉक स्टार भाजपा नेता सोनाली फोगाट का मर्डर 10 करोड़ रुपए देकर करवाया गया। जिसमें सोनाली के पीए सुधीर सांगवान को मोहरा बनाया गया। कत्ल की पूरी साजिश हरियाणा के हिसार, फतेहाबाद और टोहाना के नेताओं ने रची। जो सभी एक ही पार्टी से जुड़े हुए हैं।

सोनाली के परिवार को मिली 2 गुमनाम चिट्ठियों में यह दावा किया गया है। इनमें दावा किया गया कि राजनीतिक करियर बचाने के लिए सोनाली का मर्डर कराया गया। गुमनाम चिट्ठी भेजने वाले ने दावा किया कि सोनाली का पीए सुधीर पैसे के लालच में बहक गया।

### सोनाली के जीजा बोले- सीबीआई को बता दिया

सोनाली के जीजा अमन पूनिया का कहना है कि पहली चिट्ठी के बारे में



हमने सीबीआई को सूचित किया था। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने पास रखें, हम आएंगे तो आपसे ले लेंगे। गुरुवार को ऐसी ही दूसरी चिट्ठी भी आ गई।

### चिट्ठियों में हिसार, फतेहाबाद और टोहाना के नेताओं के नाम

यह गुमनाम चिट्ठियां सोनाली फोगाट के परिवार और पुलिस को भेजी गई हैं। इनमें हिसार, फतेहाबाद और टोहाना के नेताओं के नाम लिखे हुए हैं। यह नेता एक ही पार्टी से जुड़े हुए हैं। चिट्ठियों में कहा गया है कि सोनाली से अपना राजनीतिक करियर बचाने के लिए कत्ल की पूरी साजिश रची गई। चिट्ठी भेजने वाले का दावा है कि वह सिर्फ सोनाली के परिवार को इंसाफ दिलाना चाहता है। उसे सोनाली की बेटी यशोधरा को लेकर बड़ा दुख हुआ है। हालांकि चिट्ठी भेजने वाले अपना नाम या पता नहीं लिखा है।

### चिट्ठियों की टाइमिंग पर सवाल

सोनाली फोगाट मर्डर केस से जुड़ी गुमनाम चिट्ठियों की टाइमिंग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जल्द ही आदमपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। जिसकी घोषणा हो चुकी है। ऐसे वक्त पर चिट्ठियों को वायरल किया जाने में सोनाली विरोधियों को सियासत की बू आ रही है।

## केंद्र ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से उत्तराधिकारी के लिए सुझाव मांगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश यू. यू. ललित से अपने उत्तराधिकारी बनाने का सुझाव देने को कहा। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी है। ट्वीट में कहा गया, भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया ज्ञापन (एमओपी) के अनुसार माननीय विधि एवं न्याय मंत्री ने भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश को अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति के वास्ते अपनी सिफारिशें देने के लिए आज एक पत्र भेजा। शीर्ष अदालत की परंपरा के अनुसार वरिष्ठता क्रम में न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नामित किए जाने के लिए सिफारिश करने की संभावना है। न्यायमूर्ति ललित ने 27 अगस्त 2022 को भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली थी।

## कर्नाटक में ओला-उबर और रैपिडो बैन

### सरकार ने 3 दिन के भीतर ऑटो सर्विस बंद करने को कहा; ज्यादा किराया वसूलने पर एक्शन

एजेंसी

बेंगलुरू। कर्नाटक सरकार ने ऑनलाइन कैब कंपनियों को नोटिस जारी कर 3 दिनों के अंदर ऑटो सर्विस बंद करने के लिए कहा है। कंपनियों को नोटिस का जवाब 3 दिन में देना होगा। आदेश न मानने पर कंपनी और वाहन मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

यह कदम यात्रियों की तरफ से शिकायत करने के बाद आया है। परिवहन विभाग से शिकायत की गई थी कि कैब कंपनियां न्यूनतम किराया 100 रुपए ले रही हैं, भले ही दूरी 2 किमी से कम हो। सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक, ऑटो किराया के लिए 2 किमी तक का अधिकतम किराया 30 रुपए तय है। इसके बाद हर किमी पर 15 रुपए लिए जा सकते हैं।




### ओवरचार्जिंग को लेकर 292 केस दर्ज

सरकार को यात्रियों की तरफ से लगातार शिकायतें आ रही थीं कि ऑनलाइन कैब कंपनियों की तरफ से चलने वाले ऑटोरिक्शा का किराया बहुत ज्यादा है। सितंबर माह में सरकार ने ओवरचार्जिंग के 292 केस दर्ज किए थे। वहीं स्टेट पुलिस अथॉरिटीज ने कहा कि कंपनियों के पास ऑटो-रिक्शा ऑपरेट करनी की परमिशन भी नहीं है।

### क्या दूसरे राज्यों में भी होगा इसका असर?

कर्नाटक की ही तरह दूसरों राज्यों की सरकार भी ओवरचार्जिंग से जुड़ी शिकायत पर कंपनियों पर एक्शन ले सकती है। ये भी देखना होगा कि उन राज्यों में ऑटो रिक्शा ऑपरेशन की परमिशन कंपनियों के पास है या नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि नियम केवल कैब सर्विस के लिए बने हैं।

### खुद का एप लॉन्च करने की तैयारी में ऑटो यूनियन

बेंगलुरु में ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स यूनियन खुद का एप लॉन्च करने की तैयारी में है। नम्मा यात्री' नाम का एप 1 नवंबर को लॉन्च किया जाना है। बेकन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इसे लॉन्च किया जाएगा, जिसे इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणी का सपोर्ट है।

यूनियन का कहना है कि हम उन ग्राहकों को खो रहे हैं, जिन्हें ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। इसीलिए हम एप लॉन्च कर रहे हैं। नम्मा यात्री एप का किराया सरकार की तरफ से तय शुल्क के अनुसार होगा।

आरक्षण

### सुप्रीम कोर्ट का पैनल कन्वर्ट हुए लोगों के हालात जांचेगा

## ईसाई-मुस्लिम बने दलितों को आरक्षण मिले या नहीं

नई दिल्ली। केंद्र ने दूसरे धर्मों में कन्वर्ट हुए दलित लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने पर विचार किया है। इसके लिए पूर्व सीजेआई बालकृष्णन की अध्यक्षता में एक पैनल बना है, जो ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाने वाले दलितों की स्थिति पर स्टडी करेगा और इसकी रिपोर्ट सरकार को सैंपेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पैनल में तीन या चार सदस्य हो सकते हैं। यह आयोग ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाने वाले दलितों की सोशल, फाइनेंशियल और एजुकेशनल कंडीशन के अलावा, मौजूदा स्थिति में स्ट की लिस्ट में और लोगों को जोड़े



जाने का क्या असर होगा और कन्वर्ट हुए लोगों की संख्या कितनी है, इसका पता भी लगाएगा।

इस आयोग का गठन उन दलितों के लिए सुप्रीम कोर्ट में लंबित कई याचिकाओं के मद्देनजर महत्व रखता है, जिनमें ईसाई या इस्लाम में परिवर्तित होने वाले दलितों के लिए एससी रिसर्वेशन की मांग की गई है। इस मामले में 30 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि वह याचिकाकर्ताओं की ओर से उठाए गए मुद्दे पर सरकार के रुख को रिकॉर्ड में रखेंगे। बेंच ने सॉलिसिटर जनरल को तीन हफ्ते का समय दिया। अब इस मामले में 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### पूर्व सरकारों के सामने भी उठी रिजर्वेशन की मांग

एससी कम्यूनिटी के लिए मिलने वाली सुविधाओं में केंद्र सरकार की नौकरियों में सीधी भर्ती के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण, एसटी के लिए 7.5 प्रतिशत और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा है। ईसाई या इस्लाम में कन्वर्ट होने वाले दलितों के लिए एससी रिजर्वेशन का सवाल पहले की सरकारों के सामने भी आया है।

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की रिपोर्ट की गई खारिज

वहीं, 2007 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की ओर से किए गए एक अध्ययन में पता चला कि दलित ईसाइयों और दलित मुसलमानों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की जरूरत है। उस रिसर्च को भी यह कहकर खारिज कर दिया गया था कि यह लिमिटिड एरिया में की गई स्टडी है।

## देश में कोरोना संक्रमण से मुक्त होने वालों की संख्या बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से 3908 लोग स्वस्थ हुए है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,47,344 हो गयी है और स्वस्थ दर 98.75 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 218.88 करोड़ टीके लगाए गए। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 1,997 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर



4,46,06,460 तक पहुंच गयी है और इसी दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले में 1920 की गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे अब ऐसे कुल मामलों की संख्या घटकर 30362 रह गयी है एवं सक्रिय दर 0.07 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के संक्रमण से केवल छह मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,28,754 हो गयी है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है और इसी अवधि में एक राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना वायरस (कोविड-19) महामारी के मामलों में वृद्धि हुई है, जो पिछले दिनों की तुलना में बहुत कम है और अन्य राज्यों तथा प्रदेशों में कोरोना के मामले में गिरावट आई है।

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 संक्रमण के 52 मामले घटकर 328 रह गए हैं। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 19,76,972 हो गयी।

## शार्ट न्यूज

### मेगा पार्टी वर्कर्स मीट में भाग लेंगे शाह, नड्डा

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा शुक्रवार शाम यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे। भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि पार्टी के दो वरिष्ठ नेता शनिवार को नवनिर्मित असम राज्य भाजपा मुख्यालय का भी उद्घाटन करेंगे और उसके बाद बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। सर्वश्री शाह और नड्डा राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए शुक्रवार शाम कोर कमेटी के सदस्यों से मुलाकात भी करेंगे। तीन पूर्वोत्तर राज्यों मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड में अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने जा रहा है। मिजोरम में 2023 के आखिरी में चुनाव होंगे। कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के साथ भाजपा के संबंध ठीक नहीं चल रहे हैं। श्री संगमा ने मेघालय में भाजपा के साथ बिना किसी चुनाव पूर्व गठबंधन के चुनाव में जाने की घोषणा की है जबकि नागालैंड में, भाजपा सत्तारूढ़ एनडीपीपी (नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी) के साथ अधिक अनुकूल गठबंधन का आनंद ले रही है। मिजोरम में, हालांकि सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग है।

### दशहरे पर शिंदे गुट की ओर से किये गये खर्च पर हेमंत पाटिल ने उठाये सवाल

मुम्बई। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने दशहरा के अवसर पर अपने-अपने पक्ष में लोगों को बड़ी संख्या में जुटाने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच हुई खींचतान में दोनों ही गुटों की ओर से पानी की तरह बहाये गये पैसे पर सवाल खड़े किये हैं। पाटिल ने कहा कि शिवसेना के इतिहास में यह पहला मौका है जब लोगों को राज्य में दो दशहरा समारोह देखने को मिले। पार्टी में हुए दो फाड़ को लेकर मामला उच्चतम न्यायालय और चुनाव आयोग के सामने चल रहा है। इसके बावजूद दोनों की धड़ों की ओर से लोगों के बीच शक्ति प्रदर्शन किया गया और इसके लिए पानी की तरह पैसा बहाया जो ठीक नहीं है। एक कार्यकर्ता ने कहा कि अगर इस पैसे का इस्तेमाल किसानों, गरीबों और बेरोजगारों के लिए किया जाता तो दोनों ही धड़ों को इसका फायदा मिला होता। शिंदे गुट के लोग लोगों को बस, ट्रेनों और निजी वाहनों को राज्यभर से भर भरकर लाये। लोगों को यह पता ही नहीं था कि वह उद्धव ठाकरे को सुनने जा रहे हैं या एकनाथ शिंदे को।

### अगले चौबीस घंटों में भारी बारिश के आसार

हैदराबाद। तेलंगाना में अगले चौबीस घंटों में कई स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग केन्द्र ने शुक्रवार को कहा कि अगले चौबीस घंटों में तेलंगाना के निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, रंगारेड्डी, विकाराबाद, महबूबनगर, नागरकुरनूल, वानापर्थी, नारायणपेट, जोगुलम्बा गडवाल जिले में भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम की एक दैनिक रिपोर्ट के अनुसार तेलंगाना में आज से लेकर अगले मंगलवार तक कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़े सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और पड़ोसी पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र अब तेलंगाना और आसपास के विदर्भ पर समुद्र तल से 1.5 और 3.1 किमी ऊपर स्थित है। एक विशेष मौसम बुलेटिन में कहा गया है कि एक ट्रफ रेखा तटीय आंध्र प्रदेश से आंतरिक महाराष्ट्र तक जाती है और समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

### मुनूगोड़े उपचुनाव : प्रभाकर रेड्डी बने टीआरएस के उम्मीदवार

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख, के चंद्रशेखर राव ने मुनूगोडे विधानसभा उपचुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक के. प्रभाकर रेड्डी के नाम की घोषणा शुक्रवार को की। इस तीन नवंबर को होने वाले इस उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 14 अक्टूबर है जबकि 17 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है। केसीआर ने स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं, जिला पार्टी नेतृत्व और निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की राय जानने के बाद रेड्डी के नाम पर मुहर लगायी। टीआरएस की स्थापना के समय से ही प्रभाकर रेड्डी उसके कार्यकर्ता रहे हैं और जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। इस उपचुनाव में सत्तारूढ़ टीआरएस, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। कांग्रेस पहले ही एक महिला उम्मीदवार पलवई श्रावंती को पार्टी का उम्मीदवार बना चुकी है, वह मुनूगोडे से पांच बार विधायक रहे पलवई गोवर्धन रेड्डी की बेटी हैं। कोमाटीरेड्डी राज गोपाल रेड्डी, जिन्होंने 2018 में कांग्रेस के टिकट पर मुनूगोडे विधानसभा सीट का चुनाव जीता था, वे भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगे। भाकपा और माकपा ने घोषणा कर दी है कि वह सत्तारूढ़ टीआरएस को समर्थन देगी। राज गोपाल रेड्डी द्वारा विधायक पद से इस्तीफा देने और कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। वोटों की गिनती छह नवंबर को होगी।

### स्टालिन ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। स्टालिन ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों के साथ शहर में स्थित द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवालयम में चुनाव अधिकारी के समक्ष अपना नामाकन पत्र दाखिल किया है। गौरतलब है कि पार्टी की नौ अक्टूबर को होने वाली जनरल काउंसिल बैठक में श्री स्टालिन फिर से पार्टी अध्यक्ष चुने जाएंगे। द्रमुक अध्यक्ष पद के अलावा महासचिव, कोषाध्यक्ष और ऑडिट कमेटी के पदों के लिए भी चुनाव होंगे। द्रमुक महासचिव और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने कहा कि बैठक में सभी नवनिर्वाचित सामान्य परिषद सदस्य शामिल होंगे। बैठक में लोकसभा सांसद और द्रमुक महिला विंग की नेता कनिमोझी को सुब्बुलक्ष्मी जगदीशन के इस्तीफे के बाद उप महासचिव के रूप में पदोन्नत किए जाने की संभावना है।

### मध्यप्रदेश के लिये 11 व 16 अक्टूबर बनेंगे ऐतिहासिक दिन : शिवराज

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के लिए 11 व 16 अक्टूबर ऐतिहासिक दिन बनने जा रहे हैं।चौहान ने यहां 16 अक्टूबर को प्रस्तावित ग्वालियर एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुँचे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर को पवित्र नगरी उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 16 अक्टूबर को ग्वालियर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट का शिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे लगभग 500 करोड़ रूपए लागत के अत्याधुनिक एयर टर्मिनल के निर्माण से ग्वालियर व चंबल अंचल की प्रगति व विकास को नई गति मिलेगी। ग्वालियर प्रवास के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की अलग-अलग बैठक लेकर एयरपोर्ट विस्तार के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया, राजस्व व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्य मंत्रिगण ओपीएस भदौरिया, सुरेश धाकड़ व बृजेन्द्र सिंह यादव तथा सांसद विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित थे। चौहान ने कहा कि सांस्कृतिक पुनुरूत्थान कार्यक्रम के तहत केदारनाथ, काशी व अयोध्या नगरी की तर्ज पर पवित्र नगरी उज्जैन में श्री महाकाल लोक का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी 11 अक्टूबर को श्री महाकाल लोक को महाकाल के चरणों में समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सारा देश तेजी के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। ग्वालियर-चंबल अंचल का भी चौतरफा विकास हो रहा है।

# पाकिस्तान में नौ महीने में छह भारतीय कैदियों की मौत

## विदेश मंत्रालय बोला- सजा पूरी होने के बाद भी नहीं किया रिहा

नई दिल्ली। पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय नागरिकों का पड़ोसी देश ने बुरा हाल कर रखा है। स्थिति यह है कि पिछले नौ महीने में पाकिस्तान की जेलों में बंद छह भारतीयों की मौत हुई है। यह मौत कैसे हुई और क्यों हुई इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। जिन छह कैदियों की मौत हुई है उसमें से पांच मछुआरे हैं। पाक की जेलों में बंद अपने लोगों की रिहाई के लिए भारत पड़ोसी देश के सामने कई बार यह मुद्दा उठा भी चुका है। इसके बाद भी पाकिस्तान की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, पिछले 9 महीने में पाकिस्तान की हिरासत में 6 भारतीय लोगों की मौत हुई है जिसमें से 5 मछुआरे थे। इन सभी 6 लोगों ने अपनी सजा पूरी कर ली थी। भारत के द्वारा उनकी देश वापसी की अपील के



बावजूद उन्हें गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखा गया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय कैदियों की पाकिस्तान में कैद के दौरान मृत्यु के बढ़ते मामले चिंता का विषय है। भारतीय कैदियों की सुरक्षा का मुद्दा इस्लामाबाद में हमारे हाई कमीशन द्वारा बार-बार उठाया गया है। पाकिस्तान सरकार से अपील है कि सभी भारतीय कैदियों को तुरंत रिहा करके भारत भेजा जाए।

### करीब 300 भारतीय कैद

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की जेलों में 300 से अधिक भारतीय कैद है लेकिन, पड़ोसी मुल्क कहता है कि उसके यहां केवल 260 कैदी ही बंदी है। इनमें से कई कैदी ऐसे हैं जिनकी सजा भी पूरी हो चुकी है फिर भी पाकिस्तान उनको रिहा नहीं कर रहा है।

### 30 लाख रुपये की हवाला राशि सहित एक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने 30 लाख रुपये की हवाला राशि के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरबजीत सिंह बाहिया ने शुक्रवार को बताया कि थाना मकसूदां क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक एक्टिवा सवार व्यक्ति नवीन निश्चर पुत्र ओम प्रकाश की एक्टिवा की डिक्की से 30 लाख रुपये बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि इस राशि के संबंध में नवीन निश्चर कोई पर्याप्त साक्ष्य या दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

## केरल हाईकोर्ट ने पुलिस से बंदरगाह के सामने से 'पंडाल' हटाने को कहा

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह के निर्माण का विरोध कर रहे लैटिन कैथोलिक सूबा द्वारा समर्थित हड़ताल समिति की ओर से बनाए गए पंडाल को तत्काल गिराने का शुक्रवार को आदेश दिया।

न्यायमूर्ति अनु शिवरामन ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बंदरगाह के सामने कोई बाधा न हो तथा बंदरगाह के वाहनों और कर्मचारियों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करें।

राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि वह पहले ही प्रदर्शनकारियों को बंदरगाह की ओर जाने वाली सड़कों को अवरुद्ध करने और संविधान और काम पर आने व जाने वाले लोगों के लिए व्यवधान पैदा करने के खिलाफ नोटिस दे चुकी है।

अदालत ने विझिंजम बंदरगाह के निर्माण के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग करने वाली अडानी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर विचार करते हुए यह निर्देश जारी किया। राज्य के अटॉर्नी सरकार की ओर से पेश हुए।

इससे पहले, उच्च न्यायालय ने अडानी के विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया, जहां चर्च समर्थित मछुआरे विभिन्न आजीविका मुद्दों के संबंध में कई मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और निर्माण गतिविधियों को बाधित कर रहे हैं।

अडानी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और इसकी अनुबंध कंपनी होवे इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अनु शिवरामन ने कहा कि आंदोलनकारियों को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन उन्हें परियोजना स्थल को बाधित करने या नुकसान पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है।

## रॉकेट रोहिणी का लगातार 199वां सफल प्रक्षेपण

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चार से 10 अक्टूबर तक विश्व अंतरिक्ष सप्ताह मनाने के हिस्से के रूप में शुक्रवार को रोहिणी आरएच-200 रॉकेट का लगातार 199वां प्रक्षेपण सफलतापूर्वक किया। इसरो की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल करेगा क्योंकि यह इस महीने के अंत या नवंबर की शुरुआत में 200 वां प्रक्षेपण निर्धारित है। थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के एक अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया कि केरल के तिरुवनंतपुरम के निकट थुंबा में 3.5 मीटर लंबा आरएच -200, रोहिणी का प्रक्षेपण किया गया। यह ध्वन्यात्मक रॉकेट परिवार का एक विश्वसनीय सदस्य है, जिसका इस्तेमाल इसरो द्वारा वायुमंडलीय अध्ययन के लिए किया जाता है।

## दशहरे पर कर्नाटक के मदरसे में घुसी भीड़

# जय श्रीराम के नारे लगाकर पूजा की, चार लोग अरेस्ट; गृह मंत्री बोले- यह गलतफहमी में हुआ

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर जिले में दशहरा रैली में भाग ले रहे कुछ लोग एक पुराने मदरसे में घुस गए। यहां पर इन लोगों ने नारेबाजी की और मदरसे के एक कोने में पूजा भी की। इस मामले में पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अब तक 4 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि 5 आरोपी अब भी फरार है। वहीं राज्य के गृह मंत्री ने कहा है कि गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। दोषियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है।

AIMIM के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देकर मुस्लिमों को नीचा



दिखाने की कोशिश कर रही है। महमूद गवान नाम का यह मदरसा 1460 में बनाया गया था। यह मदरसा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत आता है। यह इमारत देश के अहम स्मारकों की सूची में भी शामिल है।

### ताला तोड़कर मदरसे में घुसे लोग, पुलिस फोर्स की तैनाती

पुलिस ने बताया कि इस भीड़ ने बुधवार शाम मदरसे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने मदरसे की सीढ़ियों पर खड़े होकर जय श्री राम और हिंदू धर्म जय के नारे लगाए, फिर मदरसे के एक कोने में खड़े होकर पूजा भी की। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहा है, जिसमें भीड़ मदरसे की सीढ़ियों पर खड़े होकर अंदर दाखिल होने की कोशिश करती नजर आ रही है।

बीदर के कई मुस्लिम संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किए। संगठनों की मांग है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। ऐसा नहीं होने पर शुक्रवार को नमाज के बाद बड़े स्तर पर प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की है।

## उच्च हिमालयी क्षेत्र में ट्रेकिंग के लिए करना होगा पंजीकरण

नैनीताल। हिमालय की चोटियों और ग्लेशियरों का लुत्फ उठाने के लिए ट्रेकिंग करने वालों को अब ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने ट्रेकिंग के शौकीनों के लिये एक पोर्टल तैयार किया है। पर्वतरोहियों और पर्यटक ऐसी जगहों पर आने से पहले पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। पिथौरागढ़ के अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान ने आज यहां बताया कि नामिक, खलिया टॉप, सालंग, नंदा देवी बेस कैम्प, पंचाचूली बेस कैम्प, शिंला बाईपास, ब्रिजखमघुरा, और जिम्बा ग्लेशियर जाने वाले ट्रेकर्स के लिये पंजीकरण पोर्टल विकसित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह सिंगल विंडो सिस्टम पर आधारित पोर्टल है। ट्रैकर्स को पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ट्रेकर्स को पंजीकरण की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जायेगी। पोर्टल पर पंजीकरण की जांच के उपरांत ही पर्यटकों को संबंधित पर्यटन क्षेत्र में जाने की अनुमति दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था ट्रेकर्स की सुविधा के अलावा सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है। इसके जरिये प्रशासन के पास ट्रेकर्स की पूरी जानकारी रहेगी। इससे किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को ट्रेकर्स की मदद करने में सहायता भी मिलेगी। उल्लेखनीय कि पिछले वर्ष पिंडारी ग्लेशियर की सैर पर गये बंगाल के पांच पर्यटक व एक गाइड बर्फीले तूफान की चपेट में आ गये थे। पांच पर्यटकों की बर्फ में दबने से मौत हो गयी थी। गाइड लापता हो गया था। प्रशासन के पास सटीक जानकारी नहीं हो पाने के कारण प्रशासन पर्यटकों की मदद करने में असफल रहा। कई दिनों बाद उच्च हिमालयी क्षेत्र में पर्यटकों के शव खोजे जा सके थे।

## प्रभाकर रेड्डी होंगे मुनुगोडु उपचुनाव में टीआरएस उम्मीदवार

हैदराबाद। तेलंगाना के मुनुगोडु उपचुनाव में पूर्व विधायक के प्रभाकर रेड्डी तेलंगाना राष्ट्र समिति के उम्मीदवार होंगे। टीआरएस पार्टी प्रमुख व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मुनुगोडु उपचुनाव में टीआरएस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक, निर्वाचन क्षेत्र के कार्यभारी, कूसुकुंटला प्रभाकर रेड्डी को घोषित किया है। केसीआर ने टीआरएस पार्टी की स्थापना समय से अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए, क्षेत्र स्तर पर काम करने वाले कुसुकुंटला प्रभाकर रेड्डी को स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं, जिला पार्टी नेतृत्व, निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की राय और सर्वेक्षण रिपोर्ट की जांच के बाद यह निर्णय लिया। इस निर्णय की घोषणा शुक्रवार को की गयी।

## पंजाब के बड़े शहरों में प्रमुख संपत्तियां खरीदने का अवसर

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि जालंधर विकास प्राधिकरण और अमृतसर विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य के शहरों अमृतसर, गुरदासपुर, बटाला, जालंधर, फगवाड़ा, कपूरथला और सुल्तानपुर लोधी में प्रमुख संपत्तियों की ई-नीलामी की जा रही है।

प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि अमृतसर विकास प्राधिकरण द्वारा 13 एस.सी.ओज., 99 रिहायशी प्लॉट, गुरदासपुर में 3.58 करोड़ रुपए की कीमत वाली एक स्कूल साइट और बटाला में 5.25 करोड़ रुपए की कीमत वाली एक अन्य स्कूल साइट, गुरदासपुर में 6.10 करोड़ रुपए की कीमत वाली एक बहु-उद्देशीय साइट की पेशकश की जा रही है। इन संपत्तियों की ई-नीलामी 20 से 31 अक्टूबर तक होगी।

जालंधर विकास प्राधिकरण द्वारा 105 व्यापारिक साइटों की ई-नीलामी करवाई जा रही है, जिनमें एस.सी.ओ., एस.सी.एस., एस.सी.एफ., कनवीनीऐंट बूथ, कन्वीनिऐंट दुकानें शामिल हैं। 41 रिहायशी प्लॉट भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

# भाजपा और विकास परस्पर संबंधित शब्द : जयराम

एजेंसी

ऊना (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य के सर्वांगिक और संतुलित विकास के लिए काम कर रही है और बिना भाजपा के सत्ता में रहे राज्य का विकास संभव नहीं है।

यहां एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कांग्रेस पर अपनी सरकार और भाजपा के खिलाफ अफवाह फैलाने के लिए निशाना साधा और कहा कि इस प्रकार के आरोपों से कांग्रेस को कोई लाभ नहीं मिलेगा तथा भाजपा राज्य विधानसभा चुनावों में क्लीन स्वीप करेगी।



इससे पहले मुख्यमंत्री ने ऊना विधानसभा क्षेत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश और केंद्र में कांग्रेस स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि एक ओर कांग्रेस नेता 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं तो दूसरी ओर केंद्र और राज्य में कांग्रेसी नेता 'कांग्रेस छोड़ो अभियान' पर हैं। उन्होंने कहा कि गुलाम नबी आजाद जैसे वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस छोड़ दी है और राज्य के पवन काजल, लखविंदर राणा, योग राज और हर्ष महाजन जैसे कई वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राज्य के लिए 'बल्क ड्रग पार्क' की स्वीकृत प्रदान की है जिसकी स्थापना ऊना जिले के हरोली में होगी और यह राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना से भारत की चीन पर कच्चे माल की निर्भरता में कमी आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राज्य में इस परियोजना की मंजूरी को रोकने की लगातार कोशिश कर रहे थे लेकिन परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद कुछ कांग्रेसी नेता इसे अपना ड्रीम परियोजना बता रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली अन्य नेताओं से बहुत अलग है। ये उनकी कार्यशैली ही है जो उन्होंने आजादी की 75वीं वर्षगांठ को देश की स्वतंत्रता में शामिल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम करते हुए उनकी याद में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राज्य ने भी अपने गठन का 75 वर्ष पूरा किया है और राज्य सरकार ने पूरे राज्य में 75 कार्यक्रमों का आयोजन करके इस अवसर को सही तरीके से मनाने का निर्णय लिया है।

## सीएम विंडो पर साढ़े छह लाख शिकायतों में से मात्र 45 हजार का ही निवारण

सिरसा। हरियाणा के पूर्व शिक्षा एवं सिंचाई मंत्री चौ. जगदीश नेहरा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सत्ता के केंद्रीयकरण की वजह से आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम विंडों पर हालात ऐसे है कि साढ़े छह लाख शिकायतों में से मात्र 45 हजार का ही निवारण हुआ है।

नेहरा ने आज यहां जारी एक बयान में कहा सरकार की इस व्यवस्था में लोगों को लोकशाही की बजाय राजशाही का अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रजातांत्रिक प्रणाली में मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों के पास सरकारी ताकत होनी आवश्यक है मगर पहली बार हरियाणा में ऐसा हुआ है कि पॉवर का इस्तेमाल केवल मुख्यमंत्री ही कर रहे हैं। चाहे छोटे प्रोजेक्ट का उद्घाटन या शिलान्यास हो या फिर बड़ी परियोजना केवल मुख्यमंत्री ही एक बार में ही रिमोट से उसका उद्घाटन या शिलान्यास करते दिखाई देते हैं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य में सीएम विंडो लागू करके सरकारी कामकाज को बोझिल बना दिया गया है। किसी भी नागरिक की सुनवाई सरकारी कार्यालय में नहीं होती। सीएम विंडो पर शिकायत होती है तो उसके समाधान में काफी समय लग जाता है। कई दफा तो बार-बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि जब सारे काम सीएम ने ही करने हैं तो फिर अधिकारियों या विधायकों की क्या आवश्यकता है। जनसमस्याएं भी स्वयं सीएम सुनेंगे।

उन्होंने कहा कि जब सब कुछ मुख्यमंत्री करेंगे तो फिर बाकी का तंत्र किसलिए है। वर्ष 2014 में सीएम विंडो की शुरूआत की गई थी। इस पर हर साल लगभग एक लाख शिकायतें प्राप्त होती हैं।

बड़ा सवाल यह है कि छोटे से हरियाणा प्रदेश में अगर एक साल में एक लाख लोगों को शिकायतें हैं तो फिर विकास का दावा और सुख शांति की बात किस आधार पर हो रही है।

श्री नेहरा ने कहा कि आम जनमानस को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा राज्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इनकी तरफ ध्यान देने के लिए जरूरत है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को शक्ति दी जाए। सीएम विंडो में अब तक साढ़े 6 लाख शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 45 हजार शिकायतों का अभी तक निवारण नहीं हो पाया।

## चिकित्सकों की दो घंटे हड़ताल से मरीज बेहाल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में आज सुबह चिकित्सकों के दो घंटे की हड़ताल पर चले जाने से ओपीडी बंद रही और मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कैंथला ने आज यहां बताया कि प्रदेश भर के डॉक्टर सुबह साढ़े नौ बजे से 11 बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर चले गए। मांगे न माने जाने से खफा डॉक्टर हड़ताल पर हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य निदेशक के खाली पड़े पद को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के बजाय डॉक्टर कैडर से भरने, डॉक्टर्स के प्रशासनिक पदों पर सेवा विस्तार न करने की मांगों सहित अनुबंध पर चयनित चिकित्सकों के ग्रेड पे को अदा करने की मांग कर रहे है। इसके अलावा भी नये वेतन आयोग में चिकित्सकों को 4-9-14 को टाइम स्केल बहाल करना, विशेषज्ञ स्नातकोतर चिकित्सकों भत्ते की राशि को बढ़ाना, मेडिकल कालेजों में सेवाएं दे रहे फैकल्टी मैंबर को भी अकादमिक भता देना आदि मांगे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी महीने में जो चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, लेकिन उसके बाद गठित की गयी कमेटी का कोई भी ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। परिणाम स्वरूप डॉक्टरों को हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है।

## मोदी के आगमन के मद्देनजर उज्जैन में तैयारियां जोरों पर

एजेंसी

उज्जैन/इंदौर/भोपाल। मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री महाकाल लोक के लोकार्पण समारोह के लिए 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों के बीच सुरक्षा संबंधी और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री मोदी उज्जैन में 11 अक्टूबर की देर शाम महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। मोदी इसी दिन शाम को विशेष विमान से इंदौर आएंगे और वहां से हेलीकॉप्टर या अन्य छोटे विमान में सवार होकर उज्जैन पहुंचेंगे। श्री मोदी लगभग दो घंटे तक उज्जैन में रुक सकते हैं। इसके बाद वे वापस इंदौर होते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे।

सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि श्री मोदी की इंदौर और उज्जैन की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पुख्ता की जा रही हैं। अभी तक जो जानकारी है, उसके अनुसार श्री मोदी गुजरात में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इंदौर आएंगे।

## कुएं के अंदर शव मिलने से फैली सनसनी

अलवर। राजस्थान में अलवर के सदर थाना क्षेत्र जाजोर का बास गांव में कुएं के अंदर एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान पिंटू प्रजापत निवासी बिंजारी थाना राजगढ़ के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम के बारे में जानकारी लेकर शव को कुएं से बाहर निकालने के लिए सिविल डिफेंस की टीम को सूचना दी। उसके बाद सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और कुएं में गिरे शव को करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

# दीवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस, नव-वर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखे चलाने का समय निर्धारित

जालंधर। पंजाब के जालंधर (ग्रामीण) की सीमा के अंदर अधिकृत व्यक्ति को छोड़कर कोई भी व्यक्ति दीवाली और गुरुपर्व त्योहारों के अवसर पर पटाखों, विस्फोटक सामग्री आदि का उपयोग या स्टोर/ प्रदर्शन और बिक्री नहीं कर सकेगा।

जिला मजिस्ट्रेट जसप्रीत सिंह द्वारा शुक्रवार को जारी आदेशों के अनुसार दीवाली के मौके पर रात आठ बजे से रात 10 बजे तक पटाखों चलाने की अनुमति होगी। इसी तरह गुरुपर्व के अवसर पर सुबह चार बजे से सुबह पांच बजे तक और रात नौ बजे से रात 10 बजे तक पटाखे चलाए जा सकते हैं। इसके अलावा क्रिसमस और नये साल की पूर्व संध्या पर पटाखों का समय रात 11.55 बजे से रात 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि इन अवसरों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश में आगे कहा गया है कि पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्धारित समय के दौरान ही आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाए और प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री न हो। संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में इन आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

आदेश में यह भी कहा गया है कि साइलेंस जोन (अस्पताल, शिक्षण संस्थान आदि के पास) में किसी भी समय पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तेल टर्मिनलों के 500 गज के दायरे में उक्त गांव के सीमांकन और पटाखों की फायरिंग पर भी रोक रहेगी। यह आदेश पांच जनवरी 2023 तक प्रभावी रहेंगे।

3 गौरवशाली भारत दिल्ली/एनसीआर
नई दिल्ली
शनिवार 08 अक्टूबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### पीपीपी ने की राष्ट्रपति से फिल्म 'थैंक गॉड' पर प्रतिबंध लगाने की मांग

आनंद राय/गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** पब्लिक पोलिटिकल पार्टी ( पीपीपी ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती दीपमाला श्रीवास्तव ने फिल्म थैंक गॉड पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है. पार्टी की ओर से जंतर मंतर पर आयोजित धरने को संबोधित करते हुए श्रीमती दीपमाला ने कहा कि इस फिल्म को तुरंत प्रतिबंधित किया जाए, क्योंकि इसमें अभिनेता अजय देवगन और निर्देशक इन्द्र कुमार ने कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी का अपमान करते हुए उनके चरित्र को हास्यास्पद रूप में प्रस्तुत किया है जो कायस्थ समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। श्रीमती दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि फिल्म थैंक गॉड में भगवान श्रीचित्रगुप्त जी के अपमान और हास्यास्पद रूप में प्रस्तुत किए जाने पर पूरे कायस्थ समाज में रोष व्याप्त है और इसको लेकर हम सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे हैं. इस फिल्म से पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है. इसलिए इसको रिलीज़ होने से रोका जाए. उन्होंने कहा कि अजय देवगन ने थैंक गॉड फिल्म में कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी के ऊपर जिस तरीके से अभद्र टिप्पणी की है और उनको हास्यास्पद और अपमानजनक रूप में प्रस्तुत किया है वह असहनीय है और इससे न केवल कायस्थ समाज बल्कि पूरे हिंदू धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य अभिनेता अजय देवगन ने किया है। इसलिए हम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी सम्बंधित पक्षों से मांग करते हैं कि कि इस फिल्म को रिलीज़ होने से तुरंत रोका जाए और हिन्दू धर्म के लोगों की भावनाओं को आहत होने से बचाया जाए. बताया जा रहा है कि यह फिल्म 24 अक्टूबर 2022 को रिलीज़ होने वाली है।

### इकलौते बेटे ने हथौड़ा-चाकू और पेचकस से किया हमला, पिता की मौत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के फतेह नगर में एक कारोबारी ने अपने बुजुर्ग माता-पिता पर सोते समय जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने हथौड़ा, चाकू और पेचकस से ताबड़तोड़ हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल पिता की मौत हो गई, जबकि मां को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने वारदात के महज कुछ घंटों के अंदर ही इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की पत्नी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने बताया कि 65 वर्षीय स्वर्णजीत सिंह अपनी पत्नी अजिंदर कौर और इकलौते बेटे जसदीप सिंह ( 34 वर्षीय ) के साथ फतेह नगर में रहते थे। जसदीप सिंह की शादी हो चुकी और उसका परिवार भी इसी घर में रहता है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे पड़ोसी ने पुलिस को वारदात की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पड़ोसी ने बताया कि जसदीप ने शोर मचाया था कि उसके पिता और मां को किसी ने मार दिया है। शोर सुनकर वह उनके घर पहुंचे, जहां दोनों बुजुर्ग खून से लथपथ पड़े हुए थे। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां स्वर्णजीत सिंह को डॉक्टरों को मृत घोषित कर दिया। हरिनगर थाना पुलिस ने मृतक स्वर्णजीत सिंह का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### 52 साल की मालकिन से ड्राइवर ने किया रेप, पति को मारने की धमकी देकर लूटता रहा आबरू

गुरुग्राम। दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम जिले में 52 साल की एक महिला के साथ कथित तौर पर एक साल से भी अधिक समय तक बार-बार बलात्कार करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी पीड़िता के पति का ड्राइवर के तौर पर काम करता था और घर के कामों में भी मदद करता था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 10 दिसंबर 2019 को जब वह घर पर अकेली थी तो ड्राइवर उसके कमरे में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने ड्राइवर का विरोध किया तो आरोपी ने कथित तौर पर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के हवाले से कहा कि उस दिन के बाद आरोपी ने कथित तौर पर एक साल से अधिक समय तक उसके साथ बलात्कार किया और अपने पति को इस बारे में बताने की कोशिश करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि मैं काफी देर तक चुप रही, लेकिन अब मैंने आखिरकार पुलिस से संपर्क करने का फैसला किया।

### नूपुर शर्मा के समर्थन में टिप्पणी को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

नोएडा। भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में टिप्पणी करने को लेकर कथित तौर पर नोएडा के एक युवक ने उस पर जानलेवा हमला होने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि विशेष समुदाय के लोगों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नोएडा पुलिस और यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल पर अभिषेक सिंह राठौर नाम के युवक ने एक वीडियो साझा कर कार्रवाई की मांग की है। एक मिनट 21 सेकेंड के इस वीडियो में अभिषेक के माथे पर पट्टी बंधी हुई और शर्ट पर खून लगा दिख रहा है। वीडियो में अभिषेक ने बताया कि सेक्टर-44 सोम बाजार में वह गुरुवार रात को किसी काम से गया था। उसका आरोप है कि सिर धड़ से अलग करने की बात कहकर विशेष समुदाय के लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। अभिषेक के दोस्त मौके पर पहुंच गए और उसकी जान बचाई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में सामने आया था कि अभिषेक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ गया था। वहीं दो अन्य युवक भी शराब पी रहे थे। किसी बात को लेकर अभिषेक का उन दोनों से विवाद हो गया। इस दौरान शराब के नशे में दोनों ने अभिषेक की पिटाई कर दी।

### नोएडा के सेक्टर 3 की फैक्ट्री में लगी आग, तीन ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर तीन के सी ब्लाक में स्थित भूखंड संख्या 14 पर एक प्लास्टिक की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह फैक्ट्री बहुमंजिला है। आग दोपहर करीब तीन बजे लगी और दोपहर 3:24 बजे अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर औद्योगिक क्षेत्र फेज एक ( सेक्टर-दो ) फायर स्टेशन व आसपास के अग्निशमन केंद्रों से दमकल की आठ से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। राहत व बचाव कार्य जारी है। आग लगने से फैक्ट्री और आसपास अफरातफरी का माहौल है। अग्निशमक विभाग के अनुसार, अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग बुझाने का काम जारी है, इसके बाद रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई है।

### किशोर का शव नाली में मिला

नोएडा। सेक्टर-62 की बंगाली मार्केट के पास नाली में शुक्रवार को किशोर विष्णु का शव मिला। वह बुधवार को दशहरा देखने के लिए घर से निकला था। इसके बाद से लापता था। पुलिस ने शव को नाली से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा। इटावा जिले के इकदिल थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा कोठी गांव निवासी 16 वर्षीय विष्णु चोटपुर कॉलोनी में रहता था। वह छोले भटूरे की रेहड़ी पर काम करके गुजारा करता था। परिजनों ने बताया कि विष्णु बुधवार को दशहरा देखने के लिए घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। आरोप है कि जब वह उसके गुमशुदा होने की शिकायत करने पुलिस के पास पहुंचे तो कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस ने छोले भटूरे वाले व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जहां पर विष्णु का शव पड़ा था, उसके पास बिजली का तार गिरा था। आशंका जताई जा रही है कि किशोर की मौत करंट लगने से हुई है।

## काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन किया

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा और विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान द्वारा गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभागार राजघाट पर हुआ संगोष्ठी में पत्र लेखन और स्मृतिया विषय पर 12 प्रतियोगियों ने अपने विचार व्यक्त किए हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव श्री ऋषि कुमार शर्मा मुख्य अतिथि थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कहानी का लेखक और साहित्यकार से अवधेश श्रीवास्तव ने की थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि पत्र हमारी संवेदना से जुड़े होते हैं जिसमें प्रेषक अपने मन की बात शब्दों की मर्यादा को रखते हुए लिखता चला जाता है जिससे भाषा, भावना, समझ, लेखन और अपनी बात को यथावत लिखने और समझाने की कला का विकास होता है परंतु आज सब कुछ बदल गया है उन्होंने बताया कि उन्होंने भी विष्णु प्रभाकर क्षेमचंद्र सुमन, धर्मेंद्र गुमफी पेंटल, हरिवंश राय बच्चन और विदेशी पत्र-मित्रों के साथ-साथ विदेशी प्रसारण केंद्रों को पत्र के माध्यम से अपनी बातों को पहुंचाया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि पत्र अभिव्यक्ति की एक संपूर्ण विधा है जिसमें कई विधाएं सम्मिलित हो जाती हैं पत्रों के लेखन एवं पठन का प्रभाव अमिट होता है उन्होंने फिल्मों पर अपने लेख और पत्रों के माध्यम से प्रसिद्ध व्यक्तियों से बातचीत और विष्णु प्रभाकर जी के साथ अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि विष्णु प्रभाकर जी को केरल की एक लड़की पत्र लिखा करती थी विष्णु जी जवाब देते थे स्मृतियों और पत्रों की संख्या ज्यादा हो गई तो मलयाली लड़की को



लिखे गए पत्रों के आधार पर विष्णु प्रभाकर जी ने जिंदगी एक रिहर्सलनामक कहानी लिखी यह कहानी साहित्य जगत में बहुत चर्चित हुई। कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका निभाते हुए श्री विष्णु प्रभाकर जी के बड़े पुत्र श्री अतुल कुमार प्रभाकर ने बताया कि विष्णु प्रभाकर जी की अभी 80 फाइलें ऐसी हैं जिनके अंतर्गत उनके लेख और पत्र रखे हुए हैं जिन पर काम होना अभी बाकी है एक फाइल उनके व्यक्तिगत पत्रों की है साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि और अध्यक्ष और आए सभी श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में राजीव तनेजा ने अमिताभ को लिखे अपने पत्र को पढ़कर सभी को अपनी युवाओं अवस्था की याद ताज़ा करा दी। पुष्पा शर्मा ने अपनी माता को पत्र के माध्यम से अपनी संवेदनाएं भेजीं और सुधीर सिंह ने अस्पताल में पड़े हुए अपनी बीमारी के दिनों की चर्चा करते हुए अपनी मां को लिखे पत्र को पढ़ा। अंजू खरबंदा ने भी अपनी मां को लिखे पत्र में अपनी आपबीती सुनाई और सुनाते सुनाते भावविभोर हो गईं।

बालकीर्ति ने एक पत्र के माध्यम से भगवान से बातचीत की और कुलीना कुमारी ने पत्र के माध्यम से अपने प्रेमी पति को अपनी बात सुनाकर सभी को रोमांचित कर दिया।

सरिता गुप्ता ने अपनी अध्यापिका को पत्र लिखकर अपने वर्तमान जीवन के बारे में जो बताया कि आज मैं जो भी कुछ हूं आप की ही देन है और मैं जब पढ़ाती हूं तो मुझ में आप ही झलकती हैं। युवा लेखक आमिर खान ने पत्र में कविता के माध्यम से अपने मित्र से बात कही और सदानंद कवीश्वर ने निर्भया को पत्र लिखकर अपनी वेदना प्रकट की। रामानुज सुंदरम ने विष्णु प्रभाकर जी से जुडी अपनी को स्मृतियों को सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम में श्री पूर्ण सिंह जी मो. इसहाक़ खान, केशव शर्मा, केदार बाबू जी और विष्णु प्रभाकर जी के परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर कवयित्री सरिता गुप्ता ने काव्य संकलन सरिता सतसई और सुरेंद्र कुमार अरोड़ा ने अपनी कहानियों की पुस्तक दीवारें बोलती हैं अतिथियों को भेंट की कार्यक्रम का सफल संयोजन अंजू खरबन्दा और बेहतरीन संचालन सुरेंद्र कुमार अरोड़ा ने किया और अपनी प्रेयसी को लिखा पत्र पढ़ा।

## इंस्टाग्राम पर झगड़े में दो दोस्तों का मर्डर

गाजियाबाद। दिल्ली में इंस्टाग्राम रील पर आपत्तिजनक कमेंट करने से नाराज एक नाबालिग लड़की ने दो दोस्तों की हत्या करवा दी। उसने दोनों को फोन करके चैलेंज किया कि हिम्मत है तो गली में आकर बता। वे पहुंचे तो लड़की के भाई और दो दोस्तों ने चाकू घोंपकर उनकी हत्या कर दी। सभी आरोपी नाबालिग हैं।

यह वारदात बुधवार रात दिल्ली के बाहरी इलाके में हुई। मामला अब सामने आया है। मारे गए लड़कों की पहचान गाजियाबाद के निखिल ( 28 ) और दिल्ली के साहिल पांडे ( 18 ) के रूप में हुई है। डीसीपी देवेश महला ने बताया कि लड़की, उसके भाई और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है।

निखिल और साहिल मौके पर पहुंचे तो पहले लड़की के भाई और उसके दोस्तों से उनकी हाथापाई हुई। फिर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। साहिल ने अपने कुछ दोस्तों दूर खड़ा कर दिया था। जैसे ही उन्होंने चाकू लगते देखा तो वे घटनास्थल की तरफ दौड़े। तब तक आरोपी भाग चुके थे। निखिल और साहिल को उनके दोस्त अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

### साहिल के घर के पास ही रहती है आरोपी लड़की

निखिल दिल्ली की आजादपुर मंडी में लोडिंग ऑटो चलाता था। साहिल भी इसी मंडी में काम करता था। दोनों इंस्टाग्राम यूजर थे और फैन फॉलोइंग अच्छी-खासी थी।

### निर्वाचन आयोग ने आकाशवाणी पर शुरू किया 'मतदाता जंक्शन' कार्यक्रम

नयी दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग ने आकाशवाणी के सहयोग से मतदाताओं के साथ संपर्क बढ़ाने का धारावाहिक कार्यक्रम 'मतदाता जंक्शन' शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की। आयोग ने एक बयान में बताया कि इस रेडियो कार्यक्रम के अंतर्गत 15 मिनट की 52 कड़ियों का प्रसारण हर शुक्रवार को आकाशवाणी के विविध भारती के स्टेशनों, एफएम रेनबो, एफएम गोल्ड और आकाशवाणी के प्राथमिक चैनलों पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी के 230 चैनलों पर 23 भाषाओं में सुना जा सकेगा। आकाशवाणी के रंगभवन में इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और एआईआर न्यूज की डीजी के साथ अभिनेता पंकज त्रिपाठी भी उपस्थित थे।


## मीरा आश्रम में विशाल शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत

नाँगल चौधरी। सनातन धर्म में रविवार को विशाल शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मध्य रात्रि बारह बजे भगवान कृष्ण को भोग लगाने की परंपरा है। सैकड़ों किंवटल दूध से बनी खीर प्रसाद के रुप में श्रद्धालुओं को प्राप्त होती है। शरद पूर्णिमा रात्रि मंदिर में बनी खीर रातभर खुले आसमान के नीचे रखी जाती है। जिसमें चंद्रमा की सीधी किरणें खीर में लगने से वह एक औषधियुक्त मानी जाती है और शारीरिक रोग प्रतिरोधक बन जाती है। आपको बता दें कि, स्थान मीरा आश्रम भेडन्टी हरियाणा में यह कार्यक्रम का विशाल शरद पूर्णिमा महोत्सव काा आयोजन किया गया है। इस विशेष शुभ अवसर पर आकर्षक झाँकीयां हनुमान जी शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, सुदामा, शेरावाली माता और अन्य



अद्भुत विशेष मनमोहक झाकीयों की प्रस्तुति होगी। जिसमें मीरा आश्रम प्रमुख महंत रजनी दास महाराज और सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रीतम दास महाराज और आचार्य कृष्णा किशोरी अपने मधुर कृष्ण भजनों से प्रस्तुत करेंगी। आपको बता दें कि, मीरा आश्रम के इस विशाल शरद पूर्णिमा महोत्सव में 5 किंवटल दूध की खीर बनाएगी जाएगी और यह कार्यक्रम रविवार रात्रि 7:15 बजे से 12 :15 बजे तक यानी सवा सात बजे से सवा बारह बजे की मध्य रात्रि तक चलेगा जिसमें एक हजार से डेढ़ हजार श्रध्दालुओं के पंहुचने की संभावना बताई गई है।



आश्रम के संचालक प्रीतम दास महाराज ने बताया कि, इस रात्रि चंद्रमा सौलह कलाओं से पूर्ण होता है, अन्य किसी भी पूर्णिमा को इतना बेदाग नहीं होता है।

उन्होंने बताया कि आश्रम में जो खीर बनाई जाती है उसे मखमल के कपड़े से ढककर रख दिया जाता है। ताकि अधिक मात्रा में चंद्रमा की किरणें खीर तक पहुंच सके। इस खीर का श्वास रोगियों के लिए बेहद लाभ होता है। उन्होंने बताया कि चन्द्रमा प्रकाश से खीर अमृत बन जाती है और शारीरिक रोगों में एक औषधि का कार्य करती है।

## नोएडाः फिल्म सिटी में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

### छेनू गैंग का मेंबर दानिश गिरफ्तार; पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई मामलों में वांछित एक अपराधी को शुक्रवार सुबह नोएडा फिल्म सिटी में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ( नोएडा ) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि 27 वर्षीय दानिश उर्फ सयार उर्फ चीता के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में लूट के मामलों में 20 से अधिक प्राथमिकियां दर्ज हैं।



द्विवेदी के मुताबिक, छेनू गिरोह का सदस्य दानिश नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दर्ज दो मामलों में भी वांछित था। उन्होंने कहा, शुक्रवार सुबह नोएडा में ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान पुलिस दानिश तक पहुंचने में कामयाब रही, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। इसके बाद आसपास की पुलिस चौकियों को घटनाक्रम के बारे में सतर्क किया गया।

द्विवेदी ने बताया, ब्रह्मपुत्र मार्केट, अट्टा और सेक्टर-18 पुलिस चौकी के एक दल ने अपराधी का पीछा किया। इस दौरान सेक्टर-16ए स्थित फिल्म सिटी में बिजली घर के पास दोनों पक्षों के बीच गोलाबारी हुई। द्विवेदी ने कहा कि दानिश ने भागने के लिए पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, लेकिन जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पैर में गोली लगने के कारण दानिश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। द्विवेदी के अनुसार, दानिश के पास से एक पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा, पुलिस ने दानिश के सहयोगी का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया है, जो शुक्रवार सुबह उसके साथ था, लेकिन फरार हो गया। उसे भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## दिल्ली कांग्रेस ने किया उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने सीवर प्लांट में दो लोगों की मृत्यु पर परिजनों को मुआवजा तथा नौकरी देने के फैसले का स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि मुंडका के सीवर प्लांट में दो लोगो की मृत्यु के मामले में संज्ञान लेकर उच्च न्यायालय ने पीड़ित परिजनों को को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा तथा अनुकम्पा के आधार पर नौकरी देने का जो फैसला दिया है उसके के लिए वह न्यायालय का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले में सबसे बड़ी बात यह है कि न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण-डीडीए को 30 दिन के भीतर परिवारजनों को मुआवजा तथा अनुकंपा पर नौकरी देने का आदेश दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में इस मुद्दे को उठाया है और उसी का परिणाम था कि मामला अखबारों की सुर्खियां बना और यह उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सतीश शर्मा के संज्ञान में आई।

## कारोबारी के घर 24 लाख की डकैती

### डकैत बोला- पापा के लिए 10 लाख अस्पताल में जमा करना है; मां-बेटी के मुंह पर लगाया टेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक कारोबारी के घर से 24 लाख की डकैती हुई है। बदमाश कारोबारी का नाम लेकर घर में घुसे थे। विरोध करने पर कारोबारी को पत्नी और बेटी को पीटा। इसके बाद दोनों को गन पॉइंट पर लेकर उनके मुंह पर टेप चिपकाकर घर में बंद कर दिया और 7 लाख रुपए कैश और 17 लाख के जेवर लूट लिए। मां-बेटी ने बताया, एक बदमाश कह रहा था कि उसे अपने पिताजी का इलाज कराना है। आज ही 10 लाख रुपए अस्पताल में जमा करना है। तीनों बदमाश नकाब लगाए हुए थे। उनकी उम्र 25-30 साल के आस-पास थी। एसएसपी मुनीराज ने बताया, दो बाइक पर चार बदमाश थे। घर के अंदर तीन बदमाश घुसे। एक



बदमाश बाहर खड़ा होकर रेकी कर रहा था। घर में घुसे बदमाशों ने मां-बेटी को गन पॉइंट पर लेकर लूटपाट की। वारदात के खुलासे के लिए एसपी क्राइम और एसपी सिटी की अगुआई में चार टीमें लगाई गई है। पूरे शहर में चेकिंग कराई जा रही है। घटना सिहानी गेट थाना क्षेत्र के नेहरु नगर थर्ड का है।

एसपी ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे चार युवक घर पर आए थे। उन्होंने यह कहकर गेट खुलवाया कि रमन सरीन ने ऑफिस से कुछ डॉक्यूमेंट भेजे हैं। इतना सुनते ही रमन की बेटी गेट खोलने आई। गेट खुलते ही बदमाशों ने धक्का देकर युवती को गन पॉइंट पर ले लिया और अंदर ले गए। इस दौरान बदमाशों और मां बेटी के बीच हाथापाई हुई। जिसमें बदमाशों ने तमंचे के बट से हमला कर दिया। जिससे मां-बेटी को चोटें आईं। इसके बाद बदमाशों ने मां-बेटी के मुंह पर टेप लगाते हुए उन्हें एक कमरे के बंद दिया।

जिसके बाद गीता से बदमाशों ने अलमारी की चाबी मांगी। चाबी न देने पर गोली मारने की धमकी दी। दहशत में आईं मां-बेटी ने अलमारी की चाबी सौंप दी। बदमाशों ने उसमें रखा करीब 7 लाख कैश और करीब 17 लाख रुपए कीमत की जेवर लूटकर फरार हो गए।

## दनकौर की गंग नहर में बालू का अवैध खनन

### आरोप में 57 लोगों पर केस दर्ज, खनन की वजह से नहर की गहराई हो रही ज्यादा

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित गंग नहर में अवैध खनन करने के आरोप में पुलिस ने 57 लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले कई दिनों से बड़े स्तर पर बालू का खनन कर रहे थे। पुलिस जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### टीम को लेकर भाग गए आरोपी

दनकौर पुलिस का कहना है कि क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव के नजदीक से होकर गंग नहर गुजर रही है। पुलिस का कहना है कि पिछले कई दिनों से नहर का पानी काफी नीचे उतर गया है। जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों के माध्यम से क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव निवासी लोग बालू रेत का खनन कर रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गुरुवार रात मौके पर पहुंची। जहां पुलिस को देखकर आरोपी को देखकर आरोपी भागने लगे।

### 32 लोगों को किया गया नामजद

पुलिस ने इस मामले में आबिद, राजू, कासिम, इस्माइल, बसरू, वाहिद, फय्यूम, शकील, शौकत, राजूइमरान, इरफान, तरीखत, साहिब, सोनू, वसील, यासीन, माजिद, नसीम और नबीहसन समेत 32 लोगों को नामजद किया है। साथ ही 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ अवैध खनन करने का केस दर्ज किया है इस बारे में दनकौर कोतवाली प्रभारी राधा रमण सिंह का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### अवैध खनन की वजह से नहर की गहराई हो रही ज्यादा

स्थानीय लोगों का आरोप है अवैध खनन की वजह से नहर की गहराई काफी ज्यादा हो गई है। जिसकी वजह से नहाते वक्त कई डूब लोग जाते हैं। लोगों ने बताया कि साल में एक या दो बार नहर का पानी उतर जाता है। जिसका फायदा उठाते हुए आसपास के गांवों में रहने वाले खनन माफिया बालू चोरी करते हैं। जिसकी वजह से गहराई काफी ज्यादा हो गई है। पिछले 5 वर्षों में कई बड़े हादसे भी इस नहर में नहाते वक्त हुए हैं। क्योंकि इस नहर में नहाने के लिए दूरदराज से काफी लोग गर्मी के दिनों में पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी को ध्यान नहीं देते है।

## एमसीडी में घोटाले का आरोप, आप ने एलजी-भाजपा को घेरा

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से पूछा कि उन्होंने 6000 करोड़ रुपये के कथित टोल टैक्स घोटाले की जांच का आदेश क्यों नहीं दिया, जबकि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उन्हें इस संबंध में दो माह पहले दस्तावेजों के साथ शिकायत भेजी थी।

आप के दिल्ली नगर निकाय चुनाव प्रभारी दुर्गेश पाठक ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आश्चर्य जताया कि क्या सक्सेना कथित घोटाले की जांच का आदेश देने के लिए साहस नहीं जुटा पा रहे थे, क्योंकि इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ बहुत वरिष्ठ नेता शामिल थे।

आप के आरोप पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उपराज्यपाल को घोटाले की जांच के लिए दस्तावेजों के साथ एक पत्र भेजा था, जिसके बाद से लगभग दो महीने हो चुके हैं। जांच का आदेश तो छोड़िए, उपराज्यपाल ने अब तक सिसोदिया के पत्र की पावती भी नहीं भेजी है।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल सक्सेना ने जब से कार्यभार संभाला है तब से दिल्ली की आप सरकार के खिलाफ कई जांच के आदेश दिए हैं और उनकी जांच करने वाले अधिकारियों को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

पाठक ने कहा, उपराज्यपाल बिना किसी सबूत के आप सरकार के खिलाफ हर दूसरे दिन जांच का आदेश देते हैं, लेकिन हम इसका स्वागत करते हैं।

जितना चाहो पड़ताल करो। हम सभी जांच का स्वागत करते हैं। उन्होंने पूछा, लेकिन, उपराज्यपाल 6,000 करोड़ रुपये के इस टोल टैक्स घोटाले की जांच का आदेश देने से क्यों भाग रहे हैं? वह किस भाजपा नेता को बचाने की कोशिश कर रहे हैं?

पाठक ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि इस घोटाले में भाजपा के कोई बहुत वरिष्ठ नेता शामिल हैं, इसलिए उपराज्यपाल हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं और घोटाले की जांच के आदेश नहीं दे पा रहे हैं। आप नेता ने उपराज्यपाल से कथित टोल टैक्स घोटाले की जांच के आदेश देने की मांग की।

सिसोदिया ने 10 अगस्त को सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली नगर निगम में 6,000 करोड़ रुपये के कथित टोल टैक्स घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की थी।

## त्योहारी मौके पर खाद्य तेल के दाम 40 फीसदी तक घटे

बल्लभगढ़। त्योहारी सीजन में इस बार गृहणियां अपने-अपने परिजनों के लिए जमकर पकवान से थालियां भरेंगी। दिवाली से पहले रिफांइड व डालडा घी के रेट करीब 40 प्रतिशत गिर गए हैं। इतना ही नहीं सरसों का तेल का रेट भी करीब 40 रुपये लीटर कम हुआ है। इस कारण गृहणियों ने राहत की सांस ली है। लेकिन इस बार दूध की कमी के चलते दिवाली पर बिकने वाली मिठाई करीब 10 प्रतिशत ऊंचे रेट में बिकेंगी।

जिस कारण लोगों को मिठाई खरीदना महंगा पड़ सकता है। इधर, लंपी बीमारी के चलते दूध की कमी के चलते इस बार देशी के घी के रेट में भी करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बीमारी के चलते गाय का देशी घी मार्केट से गायब हो गया है।

दिवाली के मौके पर पूड़ी आदि पकवान बनाने के लिए प्रयोग में आने वाला जो रिफांइड करीब 20 दिन पहले 180 रुपये प्रति लीटर बेचा रहा था, आज वहीं रिफाइंड 140 रुपये पहुंच गया है।

इसी प्रकार पकवान बनाने के लिए काम आने वाला डालडा जो कुछ दिन पहले तक 180 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा था, आज वहीं डालडा 135 रुपये लीटर पहुंच गया है।

## संपादकीय

# ...मौत का दरवाजा बनती सीवर की सफाई

एक बार फिर दुखद हादसा सामने आया है फरीदाबाद के एक अस्पताल के सीवर की सफाई के दौरान बुधवार दोपहर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से चार सफाई कर्मियों की मौत हो गई।ये सभी मृतक दिल्ली के दक्षिणपुरी में संजय कैंप के निवासी हैं, जो संतोष एलाइड सर्विस नाम की एजेंसी के माध्यम से फरीदाबाद सेक्टर 16 के क्यूआरजी अस्पताल में सीवर की सफाई के लिए आए थे। मृतकों के नाम रोहित, उसका भाई रवि, विशाल और रवि गोल्डर है। मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट 2013 के प्रावधानों के तहत मलजल युक्त सीवर में घुसकर हाथों से सीवर की सफाई कराना पूरी तरह कानूनन निषेध है। इस के बावजूद यह सिलसिला जारी है। मौजूदा हादसे में भी सीवर में श्रमिकों को उतार कर सीवर की सफाई करायी जा रही थी पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि चारों सफाई कर्मियों ने बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सफाई के लिए मैनहोल में प्रवेश किया था। इस दौरान, जहरीली गैस में सांस लेने के बाद उनका दम घुट गया और वे बेहोश हो गए।जब वे मदद के लिए चिल्लाए, तो उनके सहयोगी और अस्पताल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।चारों को बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।जिम्मेदार पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने शवों को बादशाह खान अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया ।वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। मृतक हर महीने काम के लिए अस्पताल आते थे। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने पूरे प्रकरण से दूरी बनाते हुए कहा कि सीवर सफाई सेवाओं में लगी एजेंसी घटना के लिए जिम्मेदार है। इस से पहले हाल ही में 9सितंबर को भी दिल्ली में सीवर की सफाई करते हुए एक दर्दनाक हादसा हुआ था घटना दिल्ली के मुण्डका बक्करवाला लोकनायक पुरम इलाके में सीवर की सफाई के लिए 5 सफाई कर्मी गए हुए थे. इसी दौरान सीवर की सफाई करते हुए पांचों कर्मचारी गैस की चपेट में आ गए।इस घटना में दो कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। दिल्ली ही नही देश के सभी सूबों में इस तरह के हादसे घटित हो रहे हैं जिनमें बेचारे सफाई कर्मचारी सीवर सफाई के दौरान बेमौत मारे जा रहे हैं। अभी मार्च माह में लखनऊ में सआदतगंज के गुलाब नगर में तीन सफाईकर्मी सीवर में उतरे थे। इनमें से दो की मौत हो गई।बताया जाता है कि इन कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा के सीवर में सफाई के लिए उतार दिया गया था। इनके पास न तो कोई सुरक्षा उपकरण थे न अन्य साजो-सामान। ऑक्सिजन की कमी के चलते दो कर्मचारियों मौत हो गई। इसी दिन लखनऊ की इस घटना से पहले रायबरेली शहरमें मनिका रोड पर अमृत योजना के तहत निर्मित सीवर लाइन की सफाई के दौरान दो श्रमिकों की मौत हो गई। ये मैनहोल में सफाई करने के लिए उतरे थे। इस दौरान जहरीली गैस से वो बेहोश हो गए। सीवर से जब तक इन्हें निकाला गया तब तक इनकी मौत हो गई थी।

हर साल सैकड़ों की संख्या में सीवर सफाई करते सफाई कर्मचारियों की पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं होने व बिना उपकरणों के बिना आक्सीजन बंदोबस्त के सीवर में उतरने के कारण मौत हो रही हैं। यह मामला अब बहुत गंभीर समस्या बन चुका है सिर्फ सीवर सफाई ही नहीं छोटे बड़े कारखानों में भी सेफ्टी टैंक की सफाई के दौरान अनेक कर्मचारियों की दम घुट कर मौत हो रहीं हैं।

सीवर सफाई के संबंध में मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट 2013 के तहत सीवर में सफाई के लिए किसी भी व्यक्ति को उतारना पूरी तरह गैर-कानूनी है। एक्ट में इस पर रोक का प्रावधान है। किसी खास स्थिति में अगर व्यक्ति को सीवर में उतारना ही पड़ जाए तो उसके लिए कई तरह के नियमों का पालन जरूरी है। मसलन, जो व्यक्ति सीवर की सफाई के लिए उतर रहा है, उसे ऑक्सिजन सिलेंडर, स्पेशल सूट, मास्क, सेफ्टी उपकरण इत्यादि देना जरूरी है।

# आबादी का दबाव

जबसे आंकड़ा आया है कि अगले छह-सात सालों में भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन जाएगा, चीन दूसरे स्थान पर खिसक जाएगा, तबसे यह चिंता और गहरी हो गई है। इस संदर्भ में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर व्यावहारिक नीति बनाने की भी सिफारिश की जाती रही है।

इसी के मद्देनजर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी सुझाव दिया है कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर व्यापक और सर्वमान्य नीति बनाई जानी चाहिए। इससे उम्मीद बनी है कि सरकार इस दिशा में जल्दी ही पहल करेगी। हालांकि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर प्रयास लंबे समय से चल रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि भारत में प्रजनन दर दो के आसपास पहुंच गई है।

मगर समस्या का हल इतने भर से निकलने वाला नहीं है। मोहन भागवत ने यह भी कहा कि इसके लिए एक ऐसी नीति बनाने की जरूरत है जो सभी समुदायों पर समान रूप से लागू हो। अगर सभी समुदायों में प्रजनन दर संतुलित नहीं होती तो भौगोलिक सीमाओं में बदलाव के खतरे बने रहते हैं। हालांकि जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई व्यावहारिक और सर्वमान्य नीति बनाना कोई आसान काम नहीं है।

खासकर भारत जैसे विविध धर्म और समुदायों वाले देश में व्यक्तिगत निर्णयों से तय होने वाले मसलों को कानून के जरिए संचालित या नियंत्रित करना जोखिम भरा काम होता है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर इंदिरा गांधी सरकार ने कठोर नियम लागू किया था। उसका अनुभव बहुत खराब रहा। उसके चलते उनकी सरकार चली गई थी। देश के सभी समुदायों में उस कानून का तीखा विरोध हुआ था।

उस अनुभव को देखते हुए फिर किसी सरकार ने उस नीति को आगे बढ़ाने का साहस नहीं दिखाया। सबने इस मसले पर जनजागरूकता अभियान का ही सहारा लिया। कुछ अल्पसंख्यक समुदायों में परिवार नियोजन धर्म और आस्था से जुड़ा मामला है। वे इसे अपनाने से बचते हैं। फिर अल्पसंख्यक समुदायों में अपनी आबादी के कम होने की वजह से भय भी बना रहता है, जिसके चलते वे जानते-बूझते परिवार नियोजन जैसी योजनाओं की अनदेखी करते हैं।

इसी तरह व्यवसाय से जुड़े समुदायों में अपने व्यवसाय के लिए वारिसों की चिंता रहती है। हालांकि अब लोगों में परिवार नियोजन को लेकर काफी जागरूकता आई है, जिसके उत्साहजनक परिणाम भी आए हैं, पर कुछ समुदायों की पुरानी सोच अभी इसमें आड़े आती है। उन्हें ध्यान में रखते हुए कोई कानून बनाना कठिन काम हो सकता है।

मगर आबादी का संसाधनों पर पड़ता दबाव एक कड़वी हकीकत है और इससे पार पाने के लिए कदम बढ़ाने ही पड़ेंगे। जनसंख्या अधिक होने का दुष्परिणाम हर स्तर पर दिखाई देता है। न सबको उचित पोषण मिल पाता है, न गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चिकित्सा सुविधा और न रोजगार के अवसर उपलब्ध हो पाते हैं। यही वजह है कि भारत दुनिया के भुखमरी सूचकांक, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि मामलों में सबसे नीचे के कुछ देशों के साथ खड़ा नजर आता है।

एक तरफ तो अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हो रहा है और दूसरी तरफ आय की असमानता बढ़ रही है। देश को मजबूत और टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाए रखने की राह में भी आबादी का बढ़ना एक बड़ा रोड़ा है। अगर आबादी की रफ्तार नहीं थमी तो आने वाले सालों में अन्न का संकट भी पैदा होने की आशंका जताई जाने लगी है। इसलिए संघ प्रमुख मोहन भागवत की चिंता वाजिब है।



# पूरे देश को राह दिखाती दिल्ली की शिक्षा-क्रांति



ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल का जिक्र एवं अनुकरण होना निश्चित ही गौरव की बात है। चाहे चुनावी मंच हो, किसी दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री का दिल्ली आगमन हो या फिर विदेशों से आने वाले राजनयिक मेहमान केजरीवाल सरकार दिल्ली के शिक्षा मॉडल को ही सबसे आगे पेश करती है और संभवत: केजरीवाल सरकार की उपलब्धियों के नाम पर दो ही उपक्रम है एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा ही नहीं सुधरी है, बल्कि उनके परीक्षा परिणामों ने चौंकाया है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की एक सार्थक पहल देश के अन्य प्रांतों द्वारा अपनायी जानी चाहिए। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाली को नित-नये रूप दिये जाने एवं व्यापक सुधार की अपेक्षा निरन्तर बनी ही रहती है। दिल्ली सरकार ने शिक्षा को उन्नत बनाने के ईमानदार प्रयत्न किये है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। उन्नत साधन-सुविधाओं के साथ दिल्ली के सरकारी स्कूल नवाचार की दृष्टि से भी उल्लेखनीय पहल कर रहे हैं। आप की 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर से लगातार जबरदस्त जीत में सरकारी विद्यालय प्रणाली में सिरे से सुधार में उसकी ज़बरदस्त कामयाबी का भी बड़ा हाथ है। इसी उपलब्धि को लेकर आप के केजरीवाल अब गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भी भुनाने के जतन कर रहे हैं।

दिल्ली के सरकारी स्कूलों के परीक्षा-परिणाम इस वर्ष राष्ट्रीय सुर्खियों में छाए रहे। सीबीएसई के कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 98 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं अर्थात यह अब तक सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। ऐसा लगातार पांचवें साल हुआ है कि दिल्ली में निजी विद्यालयों के मुकाबले सरकारी स्कूलों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत बेहतर रहा है। पास हुए छात्र-छात्राओं की संख्या पिछले साल के मुकाबले इस बार छह प्रतिशत अधिक है। दिल्ली में निजी स्कूलों ने 92.2 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है और सरकारी विद्यालयों ने 97.92 प्रतिशत हासिल किया जो समूचे देश के सरकारी स्कूलों में सबसे अधिक है। इसका श्रेय जहां दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को दिया जाता है, वहीं दिल्ली के शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता की सोच, प्रयत्न एवं श्रम उल्लेखनीय है। निश्चित ही दिल्ली में एक अभिनव शिक्षा क्रांति की पदचाप सुनाई दे रही है। आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र की सरकारी स्कूलों का गिरता शिक्षा स्तर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव सरकारों पर एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी नाकामी का द्योतक है। प्रश्न है कि किसे फिक्र है हमारी शिक्षा की?

निजी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था के सामने देशभर में सरकारी विद्यालय प्रणाली लगातार निस्तेज एवं अप्रभावी होती रही है। लेकिन दिल्ली में आप सरकार ने एक चमत्कार घटित करते हुए सरकारी विद्यालय प्रणाली का कायापलट कर दिया। जबकि कभी राष्ट्रीय राजधानी में यह क्षेत्र एकदम उपेक्षित रहा था। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2020 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजुकेशन फ़र्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकी। आप सरकार शिक्षा



मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर संसाधन मुहैया कराए। राजधानी के कभी सिरे से पिछड़े सरकारी विद्यालयों का स्पष्ट कायाकल्प करने में शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता, उनकी सूझबूझ, प्रशासनिक क्षमता एवं नवाचार के प्रयोग भी कारगर रहे हैं। आप सरकार एवं मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपने वायदे पूरे करने में सबसे अधिक महत्व शिक्षा प्रणाली और सरकारी स्कूलों का कायापलट करने को दिया। आप सरकार ने राज्य के बजट में से अच्छी खासी राशि विद्यालयी शिक्षा प्रणाली बदलने के लिए आवंटित की। शिक्षा क्षेत्र के इस बजट राशि का सदुपयोग अधिकतर उसकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया। इसे मुख्यत: विद्यालयों के खस्ताहाल बुनियादी ढांचे को बनाने, शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली और विद्यार्थियों के अध्ययन कार्यक्रमों में नई जान फूंकने पर खर्च किया गया।

दिल्ली में अधिकतर सरकारी स्कूलों की बेहद खस्ता एवं जर्जर हालात थी। इस वजह से विशेषकर सामाजिक तथा आर्थिक रूप में पिछड़े मां-बाप सहित अधिकतर अभिभावकों को अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ने भेजना पड़ रहा था। इसका उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा था। आप सरकार ने नब्ज़ पकड़ ली और जल्द से जल्द शिक्षा संबंधी संरचना का कायाकल्प करने पर ध्यान लगा दिया। विद्यार्थियों के मन पर पढ़ाई का बोझ घटाने के लिए आप सरकार ने हैपीनैस अर्थात खुशहाली पाठ्यक्रम शुरू किया। इसके लिए कक्षा में अध्ययन के अनेक नए तौर-तरीके अपनाए गए। कायाकल्प करने के लिए आप सरकार ने फटाफट अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उन पर अमल किया। उदाहरण के लिए भरपूर वित्तीय संसाधन मुहैया कराने के साथ ही दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने आधुनिक सुविधायुक्त कम से कम 21 नई स्कूली इमारतों का निर्माण किया। इसके साथ-साथ कक्षाओं के लिए 8000 नए सुसज्जित कमरों का निर्माण भी किया गया। इसके अलावा सरकारी स्कूलों को प्रयोगशाला यानी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लैब, स्मार्ट कक्षाएं तथा ई-मॉड्यूल बनाने के लिए भी उपयुक्त धनराशि दी गई ताकि अध्ययन आकर्षक बन सके। हिमांशु गुप्ता के अनुसार आप सरकार ने हर तरह से सरकारी स्कूलों को आधुनिक शक्ल देने एवं शिक्षा का स्तर उन्नत बनाने के लिये निर्देश दिये।

सरकारी प्रोत्साहन एवं उनके मिशन के लिये ही अधिकारियों के साथ शिक्षक भी जुट गये। कक्षा में अध्ययन के अनेक नए तौर-तरीके अपनाए गए। महत्वपूर्ण यह है कि आप सरकार ने विद्यालयों में तीन स्तरीय पुस्तकालय ढांचा बनाने का अत्यंत उपयोगी निर्णय किया। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में पीने के पानी तथा लड़की-लड़कों के अलग-अलग पेशाब घर, बिजली के कनेक्शन तथा कम से कम 90 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा भी प्रदान की गई। प्रादेशिक शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने दिल्ली सरकार संचालित विद्यालयों में पढ़ाने वाले 36000 से अधिक शिक्षकों के लिए सघन क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलाया। इनमें से 26000 शिक्षक ट्रेंड ग्रैजुएट एवं 10000 शिक्षक पोस्ट ग्रैजुएट थे। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए और एक महत्वपूर्ण पहल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करके की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को उनके विषय से संबंधित ताजा जानकारी से अद्यतन कराना है। साल 2018 में 200 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान अर्थात एनआईई में दुनिया के मंजे हुए शिक्षाविदों से प्रशिक्षित कराया गया। इन 200 शिक्षकों द्वारा अपना प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद इन्हें 'मेंटोर टीचर्स' अर्थात मार्गदर्शक शिक्षकों का दर्जा दिया गया।

सन् 2018 में दिल्ली सरकार द्वारा करवाए गए उपलब्धि सर्वेक्षण के दौरान कुछ महत्वपूर्ण तथ्य दृष्टिगत हुए जिसके आधार पर सरकार ने फैसला किया कि छात्रों के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के सभी छात्रों के लिए स्कूलों में मिशन बुनियाद कार्यक्रम चलाया जाएगा। मिशन बुनियाद कार्यक्रम जैसे कि नाम से ही पता चलता है कि छात्रों की बुनियाद को मजबूत करने के लिए एक विधिवत कार्यक्रम की नींव रखी गई जिससे छात्रों को बेसिक शिक्षा प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। मनीष सिसोदिया के अनुसार सरकार के नए दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल से दिल्ली की शिक्षा क्रांति को एक नया आयाम मिल रहा है, बाबासाहेब का सपना पूरा हो रहा है। इसके साथ अब देश के किसी भी कोने से बच्चे किसी भी समय दिल्ली की विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

उल्लेखनीय यह है कि दिल्ली की शिक्षा प्रणाली को भारत के अन्य राज्य भी लगातार अपना रहे हैं। विदेशों में भी इसके प्रति आकर्षण देखने को मिल रहा है। प्रश्न है कि बड़ी-बड़ी उपलब्धियों के बावजूद सरकार शिक्षा में इतना पिछड़ापन क्यों? हम सबके माथे पर यह शर्म क्यों? दिल्ली ने पहल की है, उसका स्वागत होना चाहिए। हालांकि, बड़ी चुनौतियों से पार पाना अभी बाकी है। सरकार ने विद्यालयों का बुनियादी ढांचा तो बड़े पैमाने पर सुधारा है मगर अभी शिक्षकों की समुचित संख्या में स्थाई नियुक्ति करने में वह नाकाम रही है। स्कूली शिक्षा के अन्य महत्वपूर्ण आयामों में भी कमियां जताने वाली एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सरकार के विद्यालयों का गुज़ारा वांछित संख्या के सिर्फ 57 प्रतिशत नियमित शिक्षकों से पढ़वा कर ही किया जा रहा है। बाकी शिक्षकों की ज़िम्मेदारी गेस्ट फेकल्टी उठा रहे हैं। दिल्ली सरकार के विद्यालयों में शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ दोनों के ही स्वीकृत पदों एवं कुल नियुक्तियों में भारी अंतर है। आरटीआई से मिली सूचनाओं के अनुसार दिल्ली में फैले कुल 1029 सरकारी विद्यालयों में से मात्र 301 स्कूलों में ही विज्ञान विषय की पढ़ाई की व्यवस्था है। आप सरकार ने नए शिक्षा कार्यक्रम आरंभ किए मगर दाखिले की दर में अभी भी गिरावट है। उम्मीद है कि सीबीएसई के ताजा परिणाम एवं आप सरकार के नये संकल्प सरकारी स्कूल शिक्षा में नई लकीर खींचने में मददगार साबित होंगे। संक्षेप में कहें तो स्कूली शिक्षा में 'क्रांति' लाने के आप के दावे को फिलहाल अभी कई मंजिलें तय करनी होगी।

# पूरी दुनिया देखेगी भारतीय वायुसेना की ताकत

- योगेश कुमार गोयल


8 अक्तूबर को भारतीय वायुसेना अपना 90वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर हिंडन एयरबेस में एक भव्य एयर-शो का प्रदर्शन किया जाता है लेकिन इस बार वायुसेना दिवस समारोह दिल्ली एनसीआर के बाहर चंडीगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें होने वाले एयर शो में कुल 83 एयरक्राफ्ट शामिल हो रहे हैं। एयर शो के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेना प्रमुखों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस बार वायुसेना के 90वें स्थापना दिवस पर चंडीगढ़ में सुखना झील परिसर में वायुसेना दिवस 'फ्लाई-पास्ट' के लिए तैनात किए जाने वाले विमानों और हेलीकॉप्टरों में नए लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं और वायुसेना के बेड़े में हाल ही में शामिल हुआ भारत का पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' भी एयर शो के दौरान अपनी हवाई शक्ति का प्रदर्शन करेगा। आसमान में देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह भारतीय वायुसेना के ही हाथों में होती है, इसलिए दुश्मन देशों की चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वायुसेना को लगातार मजबूती प्रदान करना बेहद जरूरी है।

भारत के लिए गर्व की बात है कि भारतीय वायुसेना को अब दुनिया की चौथी बड़ी सैन्यशक्ति वाली वायुसेना माना जाता है। वायुसेना का ध्येय वाक्य है 'नभ: स्पृशं दीप्तम' अर्थात् आकाश को स्पर्श करने वाले दैदीप्यमान। भारतीय वायुसेना देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती है। राफेल सहित कुछ और शक्तिशाली लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों के वायुसेना की विभिन्न स्क्वाड्रनों में शामिल होने से हमारी वायुसेना कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। वायुसेना की युद्धक क्षमताएं बढ़ने से हम हवा में पहले से बहुत ज्यादा मजबूत हुए हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का पहले से अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हुए हैं। पड़ोसी देशों की फितरत को देखते हुए अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित एयरक्राफ्ट तथा लड़ाकू विमान वायुसेना में शामिल किए जाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। हमारी वायुसेना आज इतनी ताकतवर हो चुकी है कि इसमें फाइटर एयरक्राफ्ट, मल्टीरोल एयरक्राफ्ट, हमलावर एयरक्राफ्ट तथा हेलीकॉप्टरों सहित 2200 से अधिक एयरक्राफ्ट तथा करीब 900 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट शामिल हो चुके हैं।

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे।




# भ्रष्टाचार को समाप्त करने का मूल मंत्र - कर्तव्यों की साधना



प्रशासन की मानसिकता को अब कर्तव्य पथ की भावना में बदलने का प्रण करना होगा

नए भारत के निर्माण में हर नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों को रेखांकित करना तात्कालिक ज़रूरी - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक रूप से हर देश में अपनी अपनी अलग-अलग विशेषताओं से उनकी अपनी अलग अलग पहचान बनती है बात अगर हम भारत देश की करें तो भारत की सदियों पुरानी एक अपनी चेतना, उर्जा का अपना ही एक प्रवाह है। यह ऊर्जा, चेतना भारत के आदि अनादि काल से ही उन महापुरुषों, गुरुओं, महान व्यक्तियों की प्रवाहित है जिनकी तपस्या से एक पर्वत पहाड़ भी जागृत होते हैं और मानवीय प्रेरणा का केंद्र बन जाते हैं, जो भगवान राम, कृष्ण से लेकर अनेक कालखंडों में अनेक महापुरुषों, सिद्ध पुरुषों व्यक्तियों की वजह से निरंतर बढ़ते और मार्गदर्शन पाते रहते हैं जो संकल्पों की परिणिति में बदलते रहते हैं। साथियों बात अगर हम भारतीयों की वर्तमान परिपेक्ष की करें तो अवधारणा या विज़न 2047 यह हमने संकल्पित किया है जो वर्तमान आजादी के अमृत महोत्सव में नए भारत के लिए उमड़ रहा है। वह भी भारतीयों के हृदय में, जहां संकल्प के साथ में साधना जुड़ी है तब मानव मात्र के साथ हमारा मम भाव, हमारी सेवा भी जुड़ जाती है, समझिए एक नया सवेरा होने वाला है। सेवा और त्याग का यही अमृत भाव आज अमृत महोत्सव में नए भारत के लिए उमड़ रहा है और देशवासीयों नें विज़न 2047 की नींव रख दी हैं जो करीब-करीब हर मंत्रालय स्तरपर रोज़ हम प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से विभिन्न हुनरहाट, प्रौद्योगिकी के नए-नए आयाम,कौशलताविकास भिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहे एमओक्यू इत्यादि अनेक कार्यशाला में शामिल है। परंतु एक बात हमें नहीं भूलना चाहिए कि केवल अधिकार के बल पर ही लक्ष्य को नहीं पाया जा सकता उसके लिए कर्तव्यों की साधना भी करनी होती है जिसे नए भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक खासकर शासकीय छोटे बड़े अधिकारियों कर्मचारियों को भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए कर्तव्ययों को दिल की गहराइयों से अपनाना होगा जिसको रेखांकित करना तात्कालिक ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम कर्तव्यों की साधना की करें तो हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि भारत में अधिकारों के लिए आंदोलन, मोर्चे, हड़ताल, भारत बंद, लामबंदी, सत्याग्रह, इत्यादि अनेक तरीकों से अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया होती है परंतु अपने कर्तव्यों की पालना के लिए ऐसे उग्र उत्सुकता देख देखने को नहीं मिली, भारत जैसे शांतिप्रिय, आध्यात्मिक, धर्मनिरपेक्षसंतनगरी महापुरुषों की आध्यात्मिक धरती पर अब समय आ गया है कि हम अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की साधना भी करें। साथियों बात अगर आम संविधान में अपने अधिकारों की करें तो वहां कर्तव्यों की भी उस्तुती है। इसीलिए हम अब नए भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी साधना करना तात्कालिक जरूरी है, जिससे देश जिस गति से विकास के राह पर आगे बढ़ रहा है उसमें कई गुना तेजी से वृद्धि होगी। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर 2022 को एक कार्यक्रम में अधिकारियों को संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा कि, अधिकारियों को अमृत काल के दौरान देश की सेवा करने और पंच प्रण को साकार करने में मदद करने का अवसर मिला है। अमृत काल में एक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने में अधिकारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने लीक से हटकर चिंतन करने और अपने प्रयासों में समग्र दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस तरह के समग्र दृष्टिकोण के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए पीएम प्रधानमंत्रीस्टर प्लान का उदाहरण दिया। उन्होंने नवाचार के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह किस तरह सामूहिक प्रयास और देश में कार्य संस्कृति का हिस्सा बन गया है। उन्होंने स्टार्ट-अप इंडिया योजना के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में देश में स्टार्टअप्स की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह कई मंत्रालयों के एक साथ आने और %संपूर्ण सरकार% वाले दृष्टिकोण के माध्यम से एक टीम के रूप में काम करने के कारण संभव हुआ है। साथियों कुछ समय पूर्व भी एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में पीएम ने कहा था कि भारत ने अपना बहुत बड़ा समय इसलिए गंवाया है क्योंकि कर्तव्यों को प्राथमिकता नहीं दी गई। इन 75 वर्षों में कर्तव्यों को दूर रखने की वजह से जो खाई पैदा हुई है, सिर्फ अधिकार की बात करने की वजह से समाज में जो कमी आई है, उसकी भरपाई हम मिल करके आने वाले 25 वर्ष में, कर्तव्य की साधना करके पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा था आप लोगों ने एक कहानी जरूर सुनी होगी। एक कमरे में अंधेरा था तो उस अंधेरे को हटाने के लिए लोग अपने अपने तरीके से अलग-अलग काम कर रहे थे। कोई कुछ कर रहा था, कोई कुछ कर रहा था। लेकिन किसी समझदार ने जब एक छोटा सा दीया जला दिया, तो अंधकार तुरंत दूर हो गया। वैसी ही ताकत कर्तव्य की है। वैसी ही ताकत छोटे से प्रयास की भी है। हम सभी को,देश के हर नागरिक के हृदय में एक दीया जलाना है- कर्तव्य का दीया जलाना है। हम सभी मिलकर, देश को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाएंगे, तो समाज में व्याप्त बुराइयां भी दूर होंगी और देश नई ऊंचाई पर भी पहुंचेगा। भारत भूमि को प्यार करने वाला, इस भूमि को मां मानने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जो देश को नई ऊंचाई पर ना ले जाना चाहता हो, कोटि-कोटि लोगों के जीवन में खुशहाली ना लाना चाहता हो।

## घोषित हुए चुनाव

लगे बांटने भेड़िये, जब सौरभ सद्भाव। आया जंगल राज में, समझो पर्व चुनाव।।

नेता जी के घट गए, आज मूंछ पर ताव। समझो सौरभ तुम तभी, घोषित हुए चुनाव।।

सौरभ नेता दिख रहे, बढ़ने लगा लगाव।
गले लगाकर बात करे, आ गए है चुनाव।।

नेता जी सब दोगले, मन में करो विचार। बातें करें चुनाव में, बाकी दिन बीमार।।

मतदान करे सोचकर, सबको यहीं सुझाव।। समझबूझ व विवेक से, अपना करे चुनाव।।

बस चुनाव के वक्त ही, मुद्दा बने किसान। पाँच साल तक फिर कभी, कोई ना दे ध्यान

आये समय चुनाव का, होगा भाषण खूब। नेताओं के व्यूह में, तुम ना जाना डूब।।

लगता है जी चढ़ गया, आज चुनावी रंग। बदले-बदले लग रहे, नेता जी के ढंग ।।

## शार्ट न्यूज

### बेटी के प्रेम-प्रसंग से बौखलाया सौतेला पिता, निकाह के बहाने घर बुलाकर प्रेमी के घोंप दिया चाकू

मुरादाबाद। यूपी के मुरादाबाद में एक सौतेला पिता बेटी के प्रेम-प्रसंग से इस कदर बौखला गया कि उसने बेटी के प्रेमी को चाकू घोंप दिया। लड़की के पिता ने निकाह कराने के बहाने बेटी के प्रेमी को घर बुलाया था। घायल युवक को मोहल्ले वालों ने किसी तरह बचाकर परिजनों को बुलाया। लहूलुहान हालत में ही युवक परिजनों के साथ एसएसपी आफिस पहुंचा। मामले में मझोला पुलिस ने घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है। मामला मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर का है। ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर दोस्त निवासी साहिल अली खून से लथपथ हालत में एसएसपी ऑफिस पहुंचा। वहां शिकायती पत्र देकर तीन लोगों पर चाकू मारकर घायल करने का आरोप लगाया। उसने पुलिस को बताया कि बीते करीब डेढ़-दो साल से एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के पिता की मौत होने के बाद उसकी मां ने मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी युवक से निकाह कर लिया था। साहिल का आरोप है कि सौतेला पिता युवती पर बुरी नजर रखता था। दूसरी ओर साहिल अली और युवती के प्रेम के बारे में उसे पता चल गया। बुधवार को युवती के सौतेले पिता ने कॉल करके युवती से निकाह कराने की बात कहकर बुला लिया। साहिल अली जब जयंतीपुर में युवती के घर पहुंचा तो उसका सौतेला पिता दो अन्य आरोपियों के साथ मौजूद था। आरोप है कि साहिल के पहुंचते ही उन्होंने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया।

### बीएचयू में फिर सड़क पर उतरे छात्र-छात्राएं

वाराणसी। बीएचयू में एक बार फिर छात्र सड़क पर उतरे हैं। आयुर्वेद संकाय में पीजी की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को वीसी लॉज के सामने धरना शुरू कर दिया। धरनारत छात्रों ने कहा कि जब-जब छात्र पीजी में सीट बढ़ाने की मांग करते हैं, तब उन्हें आश्वासन की घुट्टी पिला कर शांत करा दिया जाता है। छात्रों ने कहा कि पिछले कई दिनों से हम लोग संकाय प्रमुख से लगातार अनुरोध कर रहे थे लेकिन उनकी तरफ से कहा जाता है कि कोष की कमी के कारण सीटों की संख्या में इजाफ संभव नहीं है। वह 31 अक्तूबर तक प्रतीक्षा करने को कह रहे हैं। 31 अक्तूबर ही पीजी कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तारीख भी है। जबकि आयुर्वेद संकाय में पीजी की सीटें बढ़ाने की मांग बीते एक दशक से हो रही है। कितने छात्र सीट न बढ़ने पर दूसरे संस्थानों में अध्ययन के लिए विवश हुए। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उन्हें धरना समाप्त करने के लिए धमका रहे हैं। कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता भी की। मुख्य आरक्षा अधिकारी प्रो. अभिमन्यु सिंह ने कहा कि छात्रों को अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है लेकिन धरना-प्रदर्शन की जगह उन्हें संवाद का रास्ता अख्तियार करना चाहिए।

### भारी बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** यूपी के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीण इलाकों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है तो वहीं शहरी इलाके जलजमाव से परेशान हैं। सीएम योगी ने लोगों को राहत देने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य में जुटने को कहा है। योगी आदित्यनाथ ने अतिवृष्टि (भारी बारिश) से प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारीगण क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जलभराव की स्थिति में प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार पम्प आदि लगाकर जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए। जनहानि और पशुहानि के प्रकरणों में पीड़ितों को तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाए। उन्होंने राहत कार्यों के संचालन के लिए राजस्व, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिये हैं।

### पाठक ने चौपाल लगा कर जनसुनवाई की

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चौपाल में जनसुनवाई कर स्थानीय लोगों की समस्याओं के निस्तारण में आ रही प्रशासनिक बाधाओं को दूर कराने का प्रयास किया। पाठक ने चौपाल में आये लोगों से कहा कि सरकार आपके दरवाजे पर खुद चल कर आई है। जिला सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पाठक ने इस दौरान नगर पंचायत बछरावां में कान्हा गौशाला, ग्राम पंचायत करनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक विद्यालय करनपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में अन्य विकास कार्यों की भी विभिन्न गांवों में जाकर समीक्षा की। पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले की सभी गौशालाओं में बीमारियों से बचाव के समुचित उपायों के साथ ही सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरूस्त रखा जाये। इस दौरान राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व जिले के आलाधिकारी भी उपस्थित थे।

### उप्र में जिला पंचायत अध्यक्षों एवं ब्लॉक प्रमुखों को हटाने की प्रक्रिया हुई जटिल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों को पद से हटाने की प्रक्रिया को जटिल करते हुए दो साल से पहले इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किये जा सकने की व्यवस्था को लागू किया है। योगी सरकार के अनुमोदन पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इसके लिये कानून में बदलाव करने के मकसद से इस आशय का अध्यादेश जारी किया है। राज्यपाल की ओर से जारी अध्यादेश में उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 15 एवं 28 में संशोधन किया गया है। इस अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकार के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को सभी जिलों में पंचायती राज विभाग को संशोधित व्यवस्था लागू करने का निर्देश जारी किया है। अध्यादेश के मुताबिक नयी व्यवस्था के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध पद धारण करने के 2 साल से पहले अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सकेगा। अभी तक यह अवधि एक वर्ष थी। इसके अलावा बदली हुयी व्यवस्था में अविश्वास प्रस्ताव के लिये संबद्ध सदन में दो तिहाई वोट की जरुरत होगी। अभी अविश्वास प्रस्ताव के लिये आधे से अधिक मतों की आवश्यकता होती थी। गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा जारी उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (संशोधन) अध्यादेश 2022 के लागू होने पर ब्लॉक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया अब कठिन हो जायेगी। योगी मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव पर पहले ही मंजूरी प्रदान कर दी थी।

### चीन सीमा विवाद मामले में केंद्र सरकार के साथ है कांग्रेस : सलमान खुर्शीद

फर्रुखाबाद। पूर्व विदेश राज्य मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि 1962 में भारत चीन युद्ध होने के पहले से चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने में केन्द्र सरकार के हर कदम पर कांग्रेस साथ है। खुर्शीद ने गुरुवार को यहां स्थिति जिला कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से कहा भारत चीन सीमा विवाद बहुत पुराना है। इसे सुलझाने में कांग्रेस, केन्द्र सरकार का पूरा साथ देगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मदरसों की जांच कराए जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि मदरसों की जांच नहीं बल्कि सर्वे किया जा रहा है। इसका मकसद मदरसों को परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों की तरह विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें किसी को कोई भी गुरेज नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मदरसों के मामलों में कुछ समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया था। यह फैसला स्वागत योग्य है। कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव के सवाल पर खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस में जब भी अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति नहीं बन पाई, तब चुनाव हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि अध्यक्ष का चुनाव निष्पक्ष हो सके। इस दौरान सपा छोड़कर अपने पुराने घर लौटे तत्कालीन सलमान खुर्शीद के प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने आज पुन: कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली।

# ज्ञानवापी: 'शिवलिंग' की कार्बन डेटिंग जांच पर आदेश टला

## मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों का इंतजार, अब 11 अक्टूबर को सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने अपना आदेश टाल दिया है। हिन्दू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने कहा कि इस मामले में हम कुछ स्पष्टीकरण चाहते हैं। मुस्लिम पक्ष का प्रतिउत्तर सुनने के बाद अदालत अपना फैसला सुना सकता है। अब मामले की अगली सुनवाई 11 अक्तूबर को होगी। उस दिन अदालत पहले मुस्लिम पक्ष को सुनेगी। इसके बाद ही अदालत का आदेश आ सकता है।

हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने शपथ पत्र में इसे वुजुखाना बताया है और वह भी चाहते हैं कि यह साफ हो कि वह फव्वारा है या शिवलिंग? कोर्ट ने हमारी स्ढ्ढ से जांच की बात मान ली है।

जैन ने कहा कि कोर्ट ने हमसे दो बिंदुओं पर स्पष्टिकरण भी मांगा। पूछा कि क्या ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर पाया गया ढांचा इस सूट संपत्ति का हिस्सा है या नहीं? दूसरा, क्या न्यायालय वैज्ञानिक जांच के लिए कमीशन बना सकता है? हमने अपना जवाब प्रस्तुत कर दिया है।

हमने कहा कि यह हमारी वाद संपत्ति का हिस्सा है और सीपीसी के आदेश 26 नियम 10ए के आधार पर



न्यायालय को वैज्ञानिक जांच का निर्देश देने का अधिकार है। मुस्लिम पक्ष ने जवाब के लिए कुछ समय मांगा है।

अधिवक्ता जैन ने कहा कि उन्होंने अदालत को बताया कि अर्ज़ी में मस्जिद परिसर में मौजूद दृश्य एवं अदृश्य हिंदू देवी देवताओं की पूजा अर्चना का अधिकार देने की मांग की गई थी। इसलिए सर्वेक्षण में मिले हिंदू प्रतीकों को वाद की संपदा में शामिल माना जाएगा। उन्होंने कहा कि कथित शिवलिंग वजूखाने में पानी के अंदर था, इसलिए अदृश्य था, लेकिन सर्वेक्षण के बाद यह अब यह दृश्य संपदा में शामिल हो गया है।

उधर, सिविल जज फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में ज्ञानवापी प्रकरण के दो प्रार्थनों पर सुनवाई टल गई है। गुरुवार को ही प्रार्थनों पत्रों पर सुनवाई होनी थी। मगर भरत मिलाप की लोकल छुट्टी से कचहरी में अवकाश होने के कारण शुक्रवार को कोर्ट खुलने पर सुनवाई की तारीख लगी। मगर शुक्रवार को भी अदालत की पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नही हो सकी। इस मामले में अगली सुनवाई अब 11 अक्तूबर को होगी।

इसके साथ ही ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पूजा-पाठ राग-भोग आरती करने की मांग लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन कुमुदलता त्रिपाठी की अदालत में दाखिल अर्जी पर भी सुनवाई टल गई। इस कोर्ट के भी पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने के कारण ही सुनवाई नही हुई। इस मामले के लिए अगली सुनवाई तीन नवंबर को होगी।

वही शुक्रवार को सिविल जज फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में अविमुक्तेश्वर भगवान आदि की तरफ से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई टल गई। इस मामले में भी 28 अक्तूबर की तिथि नियत की है।

दिल्ली निवासी हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजुरी निवासी अजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। इसमें अविमुक्तेश्वर भगवान के पूजा-पाठ राग-भोग, भजन-कीर्तन व धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन की अनुमति की मांग की गई है।

## भदोही पूजा पंडाल अग्निकांड में दो और महिलाओं की मौत

# मरने वालों की संख्या 9 हुई, 73 का चल रहा इलाज

एजेंसी

**भदोही।** भदोही के औराई में दुर्गा पूजा पंडाल अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर शुक्रवार को नौ तक पहुंच गई। शुक्रवार को वाराणसी में इलाज करा रही दो महिलाओं की मौत हो गई। अब भी भदोही, वाराणसी और प्रयागराज के अस्पातलों में 73 लोगों का इलाज चल रहा है। इसमें करीब एक दर्जन की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

बता दें, दो अक्टूबर रविवार की रात करीब पौने नौ बजे दुर्गा पूजा पंडाल में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई थी। उस दौरान सौ से अधिक लोग झुलस गए थे। जबकि भगदड़ हो जाने के कारण कई लोगों को चोट आई



थी। पूजा पंडाल में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए दो सौ से अधिक लोग एकत्रित थे। हादसे की खबर के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था। जिले के 32 समेत 50 से अधिक एंबुलेंस लगाकर झुलसे व घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि वाराणसी के सर सुंदरलाल चिकित्सालय में शुक्रवार की सुबह 25 वर्षीय सीमा बिंद पुत्री शंकर बिंद व 40 वर्षीय मंजू देवी पत्नी सुरेश विश्वकर्मा निवासी औराई की उपचार के दौरान मौत हो गई। सीमा बिंद 85 फीसदी से अधिक व मंजू देवी 90 फ़ीसदी से अधिक झुलसी थी।

कहा कि वाराणसी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शवों के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। बताया कि भदोही के तीन, वाराणसी दो और प्रयागराज के एक अस्पताल में अभी भी 73 लोगों का उपचार चल रहा है। दावा किया कि उपचार, भोजन समेत अन्य खर्चे जिला प्रशासन वहन कर रहा है। उधर, एक के बाद एक हो रही मौतों के बाद संबंधित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मुख्यमंत्री योगी से टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। देश के अग्रणी औद्योगिक समूह टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यहाँ शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश की बेहतर निवेश पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का हवाला देते हुए इस बात के स्पष्ट संकेत दिए कि टाटा संस उत्तर प्रदेश में जल्द निवेश कर सकता है। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास पर भी चर्चा की गई। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी टाटा की उपस्थिति दर्ज करा कर उत्तर प्रदेश में निवेश करने की इच्छा जताई है। बैठक में योगी ने टाटा ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, ऑटो मोबाइल और उड्डयन के क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की निवेश की पहल का स्वागत किया है।

# एटा में डबल मर्डर से सनसनी : पिता पुत्री की बेहरमी से हत्या

एजेंसी

एटा। कथित प्रेमिका को घर से भगाने गए युवक ने प्रेमिका और उसके पिता की बेहरमी से हत्या कर दी। मां गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल को आगरा रेफर किया गया। आरोपी ने वेलचा से हमला किया। पिता पुत्री की हत्या की खबर मिलने पर डीआईजी मौके पर पहुंच गए। थाना जसरथपुर क्षेत्र के गांव नगला बलू निवासी अंतराम (50) पुत्र गंगाराम, उनकी पुत्री तनीषा (18) उनकी पत्नी फूलश्री गुरुवार की रात्रि को घर में सो रहे थे जब ये शुरू हुआ।

बताया जा रहा है कि रात्रि करीब 12 बजे घर में किसी के घुसने की आहट हुई। परिजनों ने देखा तो गांव का ही पुनीत पुत्र उजागर सिंह घर घुसा हुआ था। यह लोग जाग गए। जैसे ही इन लोगों से आवाज लगाई तो वह इनके साथ हाथापाई करने लगा। आरोप है कि पुनीत ने अपने साथियों संग मिलकर बेलचा से अंतराम पर हमला कर दिया। पिता पर हमला होते देख बेटी तनीषा बचाने गई तो उसके ऊपर भी बेलचा से प्रहार कर दिए। इसी समय आई फूलश्री को भी नहीं छोड़ा।

तीनों पर हमला होते देख घर में रह रही पुत्रपवधू चीखने लगी। चीख की आवाज सुन आसपास के लोग पहुंच गए। जब तक स्थानीय लोग पहुंचे तो तब तक आरोपी फरार हो गया। तीनों को घायलों को जैथरा स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

इसमें डाक्टरों ने अंतराम और तनीषा को मृत घोषित कर दिया। फूलश्री की हालत गंभीर देख रेफर किया गया। डीआईजी, एसएसपी सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार आरोपी तनीषा को भगाने के लिए गया था। विरोध पर उसने हत्या कर दी।

### बैंकिंग फ्रॉड के पीड़ित को साइबर क्राइम ब्रांच ने वापस दिलाये 50 हजार रु

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में 50 हजार रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि गत 04 अगस्त को बुलंदशहर कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम चांदपुर निवासी सौरभ कुमार के किसी अज्ञात व्यक्ति ने लिंक भेजकर उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपयों निकाल लिये। इसकी शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने साइबर क्राइम सैल को उक्त राशि बैंक खाते में वापस कराने के सख्त निर्देश दिए थे। साइबर क्राइम शाख ने धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की पहचान कर बैंक के माध्यम से पीड़ित की धनराशि उसके खाते में आज जमा करा दी। एसएसपी ने जनपद वासियों से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर साझा ना करने और ऑनलाइन फ्रॉड होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करने का आह्वान किया।

## झांसी में सेना के फायरिंग रेंज में हादसा

# गोला भरते वक्त फटा बैरल; दो सैनिकों की मौत, तीन घायल

झांसी। यूपी के झांसी के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में बड़ा हादसा हो गया है। गुरुवार रात दैनिक अभ्यास के दौरान सेना की टी-90 तोप की बैरल फटने से दो जवान शहीद हो गए जबकि ड्राइवर समेत तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गोला दागते समय यह हादसा हुआ।

बताया जा रहा है कि 2001 में भारतीय सेना के बेड़े में शामिल हुए टी-90 टैंक की गुरुवार रात दैनिक अभ्यास के दौरान बैरल फट गई। हादसे के समय संतकबीर नगर के रहने वाले प्रदीप सिंह यादव टी-90 के अंदर सवार थे और नायब सूबेदार सुमेर सिंह बगरिया और सुकांता मंडल अभ्यास सत्र को लीड कर रहे थे। दो अन्य जवान तोप में गोले भर रहे थे तभी गोला दागते समय तेज धमाके के साथ उसकी बैरल फट गई। हादसे के दौरान सुमेर सिंह और सुकांता शहीद हो गए जबकि ड्राइवर प्रदीप सिंह और दो अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सेना पुलिस ने बबीना स्थित आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### भारत के पास दो हजार से ज्यादा टी-90 टैंक हैं

देश की सुरक्षा के लिहाज से साल 2001 में भारत ने रूस से 310 टी-90 टैंक के लिए एक सौदा किया। इनमें से 124 टैंकों को रूस ने बनाकर दिया था और बाकि बचे टैंक को भारत में असेंबल किया गया था जिन्हें भीष्म नाम दिया गया। अभी भारत के पास करीब 2000 से ज्यादा टी-90 टैंक मौजूद हैं। 60 किलोमीटर की स्पीड से चलने वाला ये टैंक 125 मिलिमीटर स्मूथबोर गन से लैस है और इसकी ऑपरेशनल रेंज करीब 550 किलोमीटर तक है।


# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे नहीं झेल सका पहली 12 घंटे की बरसात

एजेंसी

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बुधवार को 12 घंटे से अधिक हुई पहली बरसात नहीं झेल सकी. गुरुवार रात सुलतानपुर के हलियापुर में सड़क धंस गई, 15 फिट के गड्ढ़े हो गए। इस गड्ढ़े में लखनऊ की ओर जा रही कार घुस गई। सवार लोग बाल-बाल बच गए हैं। वहीं कई अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस पर ये पर यह घटना किमी 83 पर हलियापुर थाना क्षेत्र में हुआ है। कई को मामूली चोटें भी आई हैं। सूचना पर यूपीडा टीम और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। राहत बचाव कार्य शुरू कराया है।

एक्सप्रेस वे पर आ रही गाड़ियों का डायवर्जन भी किया गया है। एक्सप्रेस

**15 फीट धंसी सड़क में फंसी कार**



वे का शुभारंभ 16 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। वैसे 11 माह पूर्व बने इस एक्सप्रेस वे पर सड़क बैठने का ये पहला मामला नहीं है। मई 2021 में भी तीन दिनों तक हुई बरसात में कुवांसी-हलियापुर के बीच एक्सप्रेस वे के अंडर पास की बीम दरकी थी। अंडरपास की रेलिंग व फुटपाथ की मिट्टी बह गई। सड़क में दरार आ गई है।

घटना को लेकर कार्यदाई संस्था यूपीडा के अधिकारी सकते में हैं। जानकार निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार जहां मिट्टी की पटाई हुई है उसमें ज्यादा से ज्यादा पानी डालकर छोड़ना चाहिए था, उसके बाद रोलर चलाकर और मिट्टी डालकर पटाई करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

16 नवंबर 2021 को पीएम मोदी ने सुल्तानपुर में कूरेभार के अरवल कीरी स्थित एयर स्ट्रिप से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का लोकार्पण किया था। प्रोजेक्ट से जनपद लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ तथा गाजीपुर जिले लाभान्वित हो रहे हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल छह टोल प्लाजा, 18 फ्लाईओवर, सात रेलवे ओवर ब्रिज, साथ बड़े सेतु, 118 छोटे सेतु, 13 इंटरचेंज, पांच रैम्प प्लाजा, 271 अंडरपास तथा 503 पुलियों का निर्माण हुआ है। एक्सप्रेसवे पर आपात कालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लैंडिंग/टेक ऑफ के लिए सुलतानपुर में 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण हुआ है।

# किसानों को नैनो यूरिया जबरन न बेचे इफको : कृषि उपनिदेशक

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की सहकारी समितियों में डीएपी व यूरिया के साथ इफको के नैनो यूरिया की बोतल भी किसानों को जबरन खरीदने पर मजबूर किये जाने की बात उजागर होने पर चित्रकूट मंडल के कृषि उप निदेशक ने शुक्रवार को ऐसा करने से रोका है।

कृषि उप निदेशक डा. हरीशंकर भार्गव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये सहकारिता के सहायक निबंधक (एआर) कोआपरेटिव पर नाराजगी जाहिर करते हुये किसानों को नैनो यूरिया जबरन देने पर रोक लगा दी है। इससे इफको में हड़कंप मच गया है। सहकारिता के सहायक निबंधक (एआर) कोआपरेटिव रामसागर चौरसिया ने बताया कि जमीन को बंजर होने से से बचाने के लिये स्वदेशी डत्पाद नैनो यूरिया को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार दो साल से प्रयासरत है, मगर अभी भी यूरिया व डीएपी से किसानों का मोह भंग होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नैनो यूरिया को किसानों तक शत प्रतिशत पहुंचाने के लिये प्रयासरत है।

इफको ने एक माह पहले नैनो यूरिया की आधा लीटर की 4636 बोतलें जिले में भिजवायी थीं। जिसमें बमुश्किल किसानों को जबरन 2509 बोतले दी गयी है।

# उप्र की सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढामुक्त कर लिया जाये: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में गड्ढामुक्त सड़कों के लिए अविलंब राज्यव्यापी अभियान शुरु कर 15 नवंबर के पहले सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का निर्देश दिया है।

योगी ने आगामी 08 अक्टूबर से लखनऊ में आयोजित 81वें अंतरराष्ट्रीय सड़क सम्मेलन (आईआरसी) की तैयारियों की समीक्षा के लिये गुरुवार को रात में आहूत बैठक में ये निर्देश दिये। इसके लिये योगी ने प्रदेश में आवागमन की सुगमता के दृष्टिगत सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ उसके रखरखाव का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। समय-समय पर सड़कों की मरम्मत किया जाना भी जरूरी होता है। बरसात का मौसम अंतिम चरण में है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्ति का कार्य किया जा सकता है।

योगी ने निर्देश दिया कि पीडब्ल्यूडी, नगर विकास, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, गन्ना विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग सहित सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग इस संबंध में व्यापक कार्ययोजना तैयार करें।

औद्योगिक क्षेत्रों और कृषि मंडी क्षेत्रों में अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। गड्ढामुक्ति का यह अभियान 15 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाना चाहिए।

### उद्यमी गुलाब लधानी के आगरा और लखनऊ के ठिकानों पर आयकर छापा

आगरा। आयकर विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख उद्यमी गुलाब चंद लधानी के यहाँ छापा मारा। ये छापे आगरा के साथ दिल्ली, नोएडा और लखनऊ सहित अन्य शहरों में भी मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार आगरा में लाजपतकुंज स्थित लधानी की कोठी सहित छह-सात परिसरों पर आयकर विभाग की टीमें सर्च करने में जुटी हुई हैं। लधानी होटल, शीतल पेय व अन्य व्यवसायों से जुड़े हुए हैं। आयकर विभाग के दिल्ली स्थित संयुक्त निदेशक कार्यालय के निर्देश पर दिल्ली से देर रात आई सर्च टीम ने आगरा के भी अफसरों को सुबह चार बजे अपने साथ शामिल किया और छापेमारी की कार्रवाई शुरू की।

# आईपीएस बन वाट्सएप कॉल पर बीएचयू की छात्रा का न्यूड वीडियो बनाने में 2 गिरफ्तार

वाराणसी। बीएचयू की एक छात्रा को एक फर्जी आईपीएस अधिकारी ने वाट्सएप कॉल कर धमकाया। अश्लील वीडियो की जांच के नाम पर रुपए वसूले। फिर वाट्सएप कॉल पर न्यूड होने को कहा। पुलिस ने ऐसा करने वाले दो साइबर अपराधियों को झांसी से गिरफ्तार कर लिया है। उनमें से एक झांसी जिले के गुरसराय थाना के सरसैंडा का रहने वाला चंद्रपाल सिंह परिहार और दूसरा उसका साथी मो. नसीर है। चंद्रपाल, गिरोह का सरगना है। उसी ने खुद को आईपीएस अंकित गुप्ता बताया था। छात्रा से रुपये मो. नसीर के खाते में मंगवाए थे।

छात्रा ने सोमवार रात लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसे 11 सितंबर की रात अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लखनऊ में तैनात आईपीएस अधिकारी अंकित गुप्ता बताया। उसकी डीपी में डीआईजी का लोगो लगा था। उसने कहा कि उसकी अश्लील वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जांच के नाम पर डरा धमका कर 2400 रुपये ऑनलाइन ऐंठ लिये। छात्रा ने जब अपनी वीडियो होने से इनकार किया तो उसने कहा कि इसकी जांच महिला पुलिस अधिकारी ऑनलाइन करेंगी। छात्रा को व्हाट्सअप कॉल कर वीडियो की जांच के नाम पर न्यूड होने के लिए कहा। सहमी छात्रा ने कहा मान लिया।


वीडियो कॉल कर एडिट अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का धंधा आम हो चुका है। बदनामी के डर से प्राय रोज लोग ठगे जा रहे हैं लेकिन पुलिस के पास कभी-कभार पहुंच रहा है। बीएचयू के केस में छात्रा के हिम्मत दिखाने पर अपराधी पकड़े गये हैं। पुलिस आयुक्त ने अपील की कि ऐसे केस किसी के पास हों तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। पता और नाम गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

#### 28 लड़कियों, महिलाओं के नंबर, तस्वीरें और वीडियो मिले

सरगना चंद्रपाल और उसके दोस्त मो. नसीर के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। फोन में 28 लड़कियों, महिलाओं की तस्वीरें, उनके मोबाइल नंबर, वीडियो, एडिट फोटो व वीडियो मिले हैं। बीएचयू की दो छात्राओं की फोटो, वीडियो के साथ ही कई पुलिस अधिकारियों के फोटो भी मिले हैं। पुलिस सबकी जांच कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### टाटा पावर करेगी राजस्थान में हरित ऊर्जा उत्पादन को दोगुना




जयपुर। टाटा पावर ने शुक्रवार को कहा कि अगले पांच वर्षों में कंपनी की राजस्थान में 8,000 मेगावाट बिजली सुविधाओं संबंधी परियोजनाओं, 1,000 मेगावाट की सौर रूफटॉप और 1,50,000 सौर पंपों को विकसित करने की योजना है। राजस्थान में निवेश सम्मेलन में भाग लेते हुए टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में कंपनी के पास राज्य में 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो होने की योजना है। सिन्हा ने कहा कि कंपनी ने राज्य में 5,000 मेगावाट की कुल बिजली उत्पादन क्षमता लगाने के लिए निवेश किया था जिसमें से 2,000 मेगावाट पहले से ही चालू है और शेष 3,000 मेगावाट विभिन्न चरणों में है जो आगामी 12-24 महीनों में पूरा हो जाएगी। उन्होंने कहा, आगामी पांच वर्षों में हमारी योजना क्षमता को 10,000 मेगावाट करने की है। उन्होंने कहा कि टाटा पावर, राजस्थान को भविष्य के लिए तैयार करते हुए इसकी पूरी क्षमता को साकार करने और देश के हरित ऊर्जा का एक केंद्र (ग्रीन पावर हाउस) के रूप में उभरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सिन्हा ने कहा, हम राज्य के किसानों, उद्योगों और आम नागरिकों के लाभ के लिए अपने तीनों कारोबार ईपीसी, सौर पंप और सौर रूफटॉप का निर्माण जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राजस्थान में निवेश को लेकर आयोजित दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।

### अजमेरा की बिक्री में 82 प्रतिशत का उछाल

मुंबई। रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी अजमेरा ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 82 प्रतिशत अधिक 166 करोड़ रुपये की बिक्री की। इससे एक वर्ष पूर्व समान अवधि में कंपनी ने 91 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। अजमेरा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी ने मात्रा के हिसाब से 79,976 वर्ग फुट क्षेत्रफल की बिक्री की। यह वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही के 53,801 वर्ग फुट से 49 प्रतिशत अधिक है। अजमेरा ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 102 करोड़ रुपये का संग्रह किया। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में 181 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 566 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। इस दौरान 106 प्रतिशत के उछाल के साथ 2,37,415 वर्ग फुट क्षेत्रफल की बिक्री की गयी। आलोच्य छमाही में कंपनी ने 312 करोड़ रुपये का धन संग्रह किया।

### बजाज फाइनेंस ने बढ़ायी एफडी पर ब्याज दरें

नयी दिल्ली। बजाज फिनसर्व की ऋण देने और निवेश करने वाली इकाई बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने 24 से 30 महीनों के बीच की अवधि वाली सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में 0.30 प्रतिशत तक का इजाफा किया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बजाज फाइनेंस की पांच करोड़ रुपये तक की एफडी पर यह बढ़ोतरी आज से प्रभावी हो गयी और नयी जमाराशियों और परिपक्व जमाओं के नवीनीकरण पर भी लागू होगी। बजाज फाइनेंस एफडी में सभी ग्राहकों के लिए विशेष ब्याज दरें भी शामिल हैं। विशेष ब्याज दर के साथ कोई भी व्यक्ति 7.50 प्रतिशत (गैर वरिष्ठ नागरिक) प्रति वर्ष तक की ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए विशिष्ट समयावधि का चुनाव कर सकता है। साठ वर्ष से कम आयु के ग्राहक 44 महीने की अवधि के लिए 7.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की विशेष एफडी ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं, जबकि वरिष्ठ नागरिक 7.75 प्रतिशत ब्याज दर का लाभ ले सकते हैं।

### वेदांता के कर्मचारी हुए देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए एकजुट

नयी दिल्ली। देश को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए वेदांता के 7,500 से अधिक कर्मचारी रन फॉर जीरो हंगर के लिए वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेने के लिए एक साथ आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि देश से कुपोषण को खत्म करने के उद्देश्य से वेदांता का यह अभियान जागरुकता पैदा करने वाला एक जन आंदोलन है कि कोई भी बच्चा भूखे न सोए। इसके तहत 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक की पूर्व-दौड़ पूरी की जा चुकी है और संकल्पित लक्ष्य का एक-तिहाई हासिल हो चुका है। इस दौड़ के माध्यम से वेदांता ने 10 लाख भोजन के लिए वचन देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रतिभागी द्वारा दौड़े गये प्रत्येक किलोमीटर के लिए कंपनी अपनी प्रमुख सामाजिक प्रभाव पहल 'नंद घर के माध्यम से भोजन का वचन देगी। वेदांता लिमिटेड की गैर कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए भागीदार बनना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। कुपोषण मुक्त भारत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत हमारे नंद घर देश भर में सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए हम हर किसी को दौड़ में शामिल होने के लिए बुला रहे हैं क्योंकि हम साथ मिलकर इसे कर सकते हैं।

### महिंद्रा ने लॉन्च किया एक्सयूवी300 टर्बोस्पोर्ट सीरीज

मुंबई। ऑटोमोबाइल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को एक्सयूवी 300 टर्बोस्पोर्ट सीरीज को लॉन्च किया। यह पहली एसयूवी है, जिसमें बिल्कुल नया 1.2 एल एमस्टालियन टीजीडीआई इंजन दिया गया है। एक्यूवी 300 में नयी पेशकश के साथ पहले से मौजूद डीजल और पेट्रोल टर्बो सीरीज और नयी टर्बोस्पोर्ट सीरीज में से अपनी पसंद चुन पाएंगे। एक्सूयवी 300 टीजीडीआई की कीमत 10.35 लाख रुपये से शुरू होगी और इसके टॉप मॉडल की कीमत 12.90 लाख रुपये होगी। एक्सयूवी 300 का नया वेरिएंट पांच सेकंड में 0-60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर पहुंच जाता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट डेवलपमेंट प्रेसिडेंट आर वेलुसामी ने कहा, टीजीडीआई पावरट्रेन द्वारा संचालित नई टर्बोस्पोर्ट श्रृंखला को रोमांचक ड्राइविंग अनुभव प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए विकसित किया गया है। इसे एड्रेनालाईन-पैक एसयूवी की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए प्रदर्शन, सुरक्षा, आराम और शैली में बढ़त प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

### देश में चिप उत्पादन के साथ ही स्मार्टफोन के दाम हो सकते हैं एक-चौथाई : वेदांता प्रमुख

जयपुर। वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को राजस्थान में निवेश को लेकर आयोजित सम्मेलन में कहा कि सेमीकंडक्टर चिप एवं ग्लास के उत्पादन के साथ ही लैपटॉप, स्मार्टफोन और टीवी के दाम गिरकर मौजूदा कीमतों से एक-चौथाई तक हो सकते हैं। वेदांता प्रमुख ने कहा, आज आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहुंच में 20,000 रुपये का मोबाइल फोन नहीं हैं, लेकिन एकबार सेमीकंडक्टर और ग्लास का निर्माण शुरू हो जाने से यह 4000-5000 रुपये में उपलब्ध होंगे। लैपटॉप की कीमत 40,000 रुपये तक हो सकती है। जिन टीवी की कीमत इस वक्त 30,000-40,000 रुपये है, वह 5,000 रुपये में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, हम सब सपनों में जीते हैं और सपनों को देखते हैं। अगर हम सपने देखते हैं तो वे जरूर पूरे होंगे। वेदांता ने ताइवान की बहुराष्ट्रीय कंपनी फॉक्सकॉन के साथ संयुक्त उद्यम में 1.06 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। श्री अग्रवाल ने राजस्थान में विकास और विकास के लिए समर्थन देने का वादा करते हुए कहा कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर सकता है। उन्होंने राज्य में निवेशकों के अनुकूल माहौल की सराहना की।

## एडब्लूएस ने दिल्ली में एडब्लूएस लोकल ज़ोन लॉन्च की

**नयी दिल्ली।** एमेज़ॉनडॉटकॉम इंक की कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ इंक (एडब्लूएस) ने आज दिल्ली भारत में एक नई एडब्लूएस लोकल ज़ोन के लॉन्च की घोषणा की।

एडब्लूएस लोकल ज़ोन एक तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर डिप्लॉयमेंट हैं, जो एडब्लूएस कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस एवं अन्य सेवाओं को बड़ी आबादी, उद्योग, एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी (आईटी) केंद्रों के नजदीक रखता है, ताकि ग्राहक ऐसी एप्लीकेशंस क्रियान्वित कर सकें, जिनके लिए अंतिम यूज़र या ऑन-प्रेमाईज़ डेटा सेंटर को सिंगल-डिजिट मिली लेटेंसी की जरूरत होती है।

एडब्लूएस लोकल ज़ोंस में ग्राहक लो लेटेंसी की जरूरतों के साथ वर्कलोड संचालित कर सकते हैं और एडब्लूएस क्षेत्रों में संचालित हो रहे अपने शेष वर्कलोड के साथ सुगमता से कनेक्ट हो सकते हैं। आज यह लॉन्च अमेरिका के बाहर एडब्लूएस लोकल ज़ोंस के पहले अंतर्राष्ट्रीय विस्तार का संकेत है, और इसमें दिल्ली एवं ताईपेई, ताईवान में नए स्थान शामिल हैं। एडब्लूएस के पास इस समय दुनिया में 19 एडब्लूएस लोकल ज़ोन हैं, और अगले दो सालों में दुनिया में 31 और लोकल ज़ोन लॉन्च करने की घोषित योजनाएं हैं, जिनमें भारत में अतिरिक्त एडब्लूएस लोकल ज़ोन, चेन्नई, बैंगलुरू, और कोलकाता में शामिल होंगी।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि जिन एप्लीकेशंस के लिए सिंगल डिजिट मिलीसेकंड लेटेंसी की जरूरत होती है, उनके लिए क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर का स्थान महत्वपूर्ण है। ज्यादातर कस्टमर वर्कलोड एडब्लूएस क्षेत्र में चलता है, जो वह भौगोलिक स्थान है, जहाँ एडब्लूएस क्लस्टर के डेटा सेंटर ग्राहकों को सेवाएं देते हैं। हालाँकि, जब कोई क्षेत्र लो लेटेंसी या डेटा रेज़िडेंसी प्रिफरेंस पूरा करने के लिए पर्याप्त करीब न हो, तो ग्राहकों को अपने डेटा सोर्स या अंतिम यूज़र के नजदीक एडब्लूएस इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। संगठन ये लोकेशन-सेंसिटिव वर्कलोड पारंपरिक रूप से परिसर में या मैनेज्ड डेटा सेंटर्स में बनाकर रखते हैं, जिनके लिए ग्राहकों को अपना खुद का आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोक्योर, ऑपरेट और मेन्टेन करना पड़ता है, और अपने ऑन-प्रेमाईज़ एवं एडब्लूएस वातावरणों के लिए एपीआई एवं टूल्स के विभिन्न सेट्स का इस्तेमाल करना पड़ता है।

दिल्ली में नए एडब्लूएस लोकल ज़ोन का लॉन्च ग्राहकों को ऐसी एप्लीकेशंस आसानी से क्रियान्वित करने की क्षमता प्रदान करेगा, जो मेट्रो के क्षेत्र में अंतिम यूज़र के नजदीक स्थित हों। मेट्रो इलाकों में बड़े आबादी केंद्रों के नजदीक एडब्लूएस लोकल ज़ोंस ग्राहकों को ऑनलाईन गेमिंग, लाईव स्ट्रीमिंग, एवं ऑग्मेंटेड और वर्चुअल रियलिटी जैसे उपयोग के लिए लो लेटेंसी प्राप्त करने में समर्थ बनाएंगी।

वो हैल्थकेयर, फाईनेंशल सर्विसेज़, एवं पब्लिक सेक्टर जैसे रैगुलेटेड सेक्टर्स में काम करने वाले ग्राहकों की भी मदद कर सकती हैं, जिनकी प्राथमिकताएं या जरूरतें डेटा को भौगोलिक सीमा के भीतर रखने की हों। एडब्लूएस लोकल ज़ोंस को सपोर्ट एडब्लूएस से मिलती है, जो इनका प्रबंधन करता है, यानि ग्राहकों को लो लेटेंसी की एप्लीकेशंस को सपोर्ट करने के लिए विभिन्न शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रोक्योर, ऑपरेट, और मेन्टेन करने की मेहनत व खर्च नहीं करने पड़ते।

### ऑडी इंडिया की बिक्री में 29 प्रतिशत का उछाल




मुंबई। जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने जनवरी-सितंबर 2022 में 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,947 कारों की बिक्री की जिसकी संख्या एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 2,291 थी। ऑडी इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नयी ऑडी ए8 और ऑडी क्यू7 के लॉन्च के साथ ऑडी ई-ट्रॉन रेंज, ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू5 और आरएस परफॉर्मेंस रेंज की निरंतर मांग से बिक्री में वृद्धि हुई। इसके अलावा 2022 के पहले नौ महीनों में ऑडी अप्रूव्ड प्लस (प्रि-ओन्ड कार व्यवसाय) में 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में ऑडी इंडिया ने अपने प्रि-ओन्ड कार व्यवसाय, ऑडी अप्रूव्ड प्लस का विस्तार जारी रखा है। वर्तमान में देश के सभी प्रमुख केंद्रों में 18 ऑडी अप्रूव्ड प्लस शोरूम के साथ परिचालन कर रहा। ऑडी इंडिया तेजी से विस्तार कर रहा है और 2022 के अंत तक कंपनी की 22 प्रि-ओन्ड कार सुविधाएं होंगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, पहले नौ महीनों में हमारे प्रदर्शन ने बचे हुए वर्ष में सकारात्मक प्रदर्शन की नींव रखी है। सेमीकंडक्टर की कमी और वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला की चुनौतियों के बावजूद मजबूत विकास, ब्रांड और हमारे व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों के उत्साह को दोहराता है। आगामी त्योहारी सीजन के साथ, हम स्थायी मांग के दम पर अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। विद्युतीकरण रणनीति को आगे बढ़ाते हुए ऑडी इंडिया देश के 60 से अधिक शहरों में सफलतापूर्वक 100 से अधिक चार्जर स्थापित किए हैं।

### अमेजन ने की प्राइम फ्राइडे की घोषणा




नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन पर अब प्राइम फ्राइडे आज से शुरू हुआ है और महीने भर तक चलने वाले त्योहारी उत्सव ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के खत्म होने तक प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होगा।कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि प्राइम मेंबर्स महीने भर तक चलने वाले फेस्टिव उत्सव में आकर्षक ऑफर्स, बड़ी बचत, सभी कैटेगरी में शॉपिंग बेनेफिट्स, प्राइम वीडियो और प्राइम म्यूजिमक पर एंटरटेनमेंट आदि का लुत्फ उठा सकते हैं। प्राइम फ्राइडे में एक सिंगल डे में प्राइम के सबसे बेहतर ऑफर जहां प्राइम मेंबर्स सभी श्रेणियों में आकर्षक ऑफर्स और बड़ी बचत का फायदा उठा सकते हैं। इनमें स्मार्टफोन , कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लाएंसेस, अमेजन डिवाइसेस, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, फर्नीचर, दैनिक आवश्यक वस्तुओं के साथ एक्सटेंडेड वारंटी और स्क्रीन रिप्लेसमेंट, नो कॉस्ट ईएमआई ऑप्शन, अमेजन पे रिवार्ड, प्राइम वीडियो पर नई रिलीज और ट्रेलर, प्राइम म्यूजिक पर दिवाली स्पेशल प्लेलिस्ट, अमेजन फूड पर रेस्टोरेंट की ओर से प्राइम एक्सक्लूसिव कैशबैक और फ्री डिलीवरी के रूप में अतिरिक्त वैल्यू एडिशन की पेशकश शामिल है।

## अडाणी समूह राजस्थान में करेगा 65 हजार करोड़ का निवेश



नयी दिल्ली। अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने आज घोषणा की कि उनका समूह राजस्थान में चल रही परियोजनाओं और नयी परियोजनाओं में कुल मिलाकर अगले सात वर्षों में 65 हजार करोड़ का निवेश करेगा जिससे 40 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

अडाणी ने आज जयपुर में एक निवेश सम्मेलन में कहा सभी ऑन गोइंग और फ्यूचर इंवेस्टमेंट्स को मिलाकर, हम अगले 5 से 7 वर्षों में राजस्थान में अतिरिक्त 65,000 करोड़ रुपये का निवेश करने और 40,000 से अधिक डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार सृजित करने का अनुमान लगाते हैं।

उन्होंने कहा रिन्यूएबल एनर्जी बिज़नेस में अपने निवेश को जारी रखते हुए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक और 10,000 मेगावाट, कार्यान्वयन के अंतर्गत है और यह अगले 5 वर्षों में आगे बढ़ते हुए पूरी तरह चालू हो जाएगा। अभी एक हफ्ते पहले, हमने दुनिया के सबसे बड़े विंड-सोलर सौर हाइब्रिड पावर प्लांट का व्यावसायिक संचालन भी हासिल किया है और यह यहाँ राजस्थान में ही है। अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के अधिग्रहण के बाद अब हम भारत में दूसरे सबसे बड़े सीमेंट निर्माता बन गए हैं।

जबकि हमारे पास पहले से ही तीन सीमेंट प्लांट और चूना पत्थर माइनिंग संपत्तियां हैं, और हमारी क्षमता विस्तार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, राजस्थान में लगातार जारी रहेगा। हम राज्य में अपनी सीमेंट निर्माण क्षमता को दोगुना करने के लिए और 7,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक्सेक्यूशन और एक्सपांशन के विभिन्न चरणों में जारी अन्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत, जयपुर एयरपोर्ट का वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी में विस्तार करना, पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति के लिए नेटवर्क का विकास करना और इंडस्ट्रियल, कमर्शियल, ट्रांसपोर्ट और डोमेस्टिक कंस्यूमर्स और रिन्यूएबल पावर जनरेशन के लिए नए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

हाइड्रोजन उत्पन्न करने का यह एक ऐसा अवसर है जो किसी अन्य राज्य के पास नहीं है। यह एक और गेम चेंजर साबित होगा।

## एनटीपीसी, जीई गैस पावर के बीच समझौता




नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन इकाई एनटीपीसी लिमिटेड और जीई गैस पावर ने देश में बिजली उत्पादन को डीकार्बनाइज करने के लिए अत्याधुनिक बिजली तकनीक को अपनाने के अपने प्रयासों में एक समझौता किया है।

कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यह समझौता गुजरात में एनटीपीसी के कवास कंबाइंड-साइकिल गैस विद्युत संयंत्र में स्थापित जीई के 9ई गैस टर्बाइन्स में प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित हाइड्रोजन (एच2) की को-फायरिंग की संभावना का प्रदर्शन करने के लिए किया गया है, जिसमें दोनों कंपनियां संयुक्त रूप से कवास गैस पावर प्लांट से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने और देश में एनटीपीसी की स्थापित इकाइयों में बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन के तरीके तलाश करेगी।

देश में एनटीपीसी के साथ अपनी तरह के इस पहले समझौते में जीई गैस पावर प्राकृतिक गैस के साथ एच2 के सम्मिश्रण के लिए आवश्यक गैस टरबाइन इकाई और सहायक उपकरणों में संभावित संशोधनों का मूल्यांकन करेगी।

एनटीपीसी लिमिटेड के परियोजना निदेशक उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य ने कहा, यह समझौता राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों में से एक है। हम अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करने और एच2 जैसे शून्य-कार्बन ईंधन के उच्च प्रतिशत के साथ अपनी गैस पावर परिसंपत्तियों का लाभ उठाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि ईंधन की उपलब्धता व्यवहार्य हो जाती है।

जीई गैस पावर साउथ एशिया के सीईओ दीपेश नंदा ने कहा, भारत का शक्ति परिदृश्य उभरती तकनीकों से मजबूत हुआ है जो विकास और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चरणों में हैं। हम हाइड्रोजन में एनटीपीसी के नेतृत्व, प्रतिबद्धता और निवेश की सराहना करते हैं जो आगे चलकर कम लागत वाले हाइड्रोजन उद्योग की खोज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के मामले में नये उद्योग मानक स्थापित कर सकता है।

### कनिका पठानिया को मिला एक्जिम बैंक का ईरा पुरस्कार

नयी दिल्ली। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने डॉ कनिका पठानिया को अपने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध वार्षिक (ईरा) पुरस्कार 2021 से पुरस्कृत किया है। उन्हें यह पुरस्कार इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर एंड इफेक्टिव रेट ऑफ प्रोटेक्शन: थेओरेटिकल एंड एम्पीरिकल एनालिसिस शीर्षक वाली उनकी थीसिस के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार की घोषणा कल रात यहां आयोजित पुरस्कार समारोह में इंडिया एक्ज़िम बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी द्वारा की गई। पुरस्कार के रूप में 3.50 लाख रुपये तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है। सुश्री बंगारी ने बताया कि इस पुरस्कार की स्थापना 1989 में की गई थी। यह पुरस्कार 33 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार, विकास तथा संबद्ध वित्तपोषण के क्षेत्र में भारतीय नागरिकों द्वारा भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालयों में किए गए उत्कृष्ट शोध प्रबंधों के लिए प्रदान किया जाता है। डॉ. कनिका पठानिया ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से 2021 में डॉक्टरोल डिग्री हासिल की थी। उन्होंने यह थीसिस दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. आदित्य भट्टाचार्जी और प्रो. उदय भानु सिन्हा के निर्देशन में लिखी थी।

### एक्सिस नैस्डैक 100 फंड ऑफ फंड लॉन्च

नयी दिल्ली। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस नैस्डैक 100 फंड ऑफ फंड (नैस्डैक 100 ट्राई पर केंद्रित ईटीएफ की इकाइयों में निवेश करने वाली फंड स्कीम का ओपन एंडेड फंड) लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह फंड ईटीएफ में निवेश करके नैस्डैक 100 ट्राई के प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य नैस्डैक 100 ट्राई के प्रदर्शन को ट्रैक/दोहराने के लिए होगा। न्यूनतम आवेदन राशि, प्रति आवेदन 500 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में होगी। यह फंड नैस्डैक-100 इंडेक्स को ट्रैक करने वाले कुछ विदेशी ईटीएफ में निवेश करेगा। इन ईटीएफ ने ऐतिहासिक रूप से तुलनात्मक आधार पर कम ट्रैकिंग त्रुटि के लिए अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिससे फंड को लाभ हुआ है।

## ईरिशा ई मोबिलिटी ने लांच किया एल 5 कैटेगरी में तीन ईवी तिपहिया वाहन

नयी दिल्ली। राणा ग्रुप की कम्पनी ईरिशा ई मोबिलिटी ने एल 5 कैटेगरी में इलेक्ट्रिक कार्गो लोडर ई-सुपीरियर और इलेक्ट्रिक डेलिवरी वैन ई-सुप्रीम और इलैक्ट्रिक पैसेंजर वाहन थ्री-व्हीलर ऑटो ई-स्मार्ट लॉन्च करने के साथ-साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू करने की आज घोषणा की।

कंपनी ने यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन - ई-सुपीरियर कार्गो लोडर की एक्स शोरूम कीमत 3.89 लाख रुपये, ई-सुप्रीम इलेक्ट्रिक डिलीवरी वैन की कीमत 4.09 लाख रुपये और ई-स्मार्ट इलेक्ट्रिक यात्री वाहन की कीमत 3.87 लाख रुपये है। इनमें 51.2 वी की ली-आयन बैटरी हैं जो एक चार्ज में 120-140 किलोमीटर तक की दूरी तय करती हैं। बैटरी 4-5 घंटे में फुल चार्ज हो जाती है। सभी वाहनों पर 39 महीनों की वारंटी है। ई-ऑटो की डिलीवरी नवंबर 2022 से शुरू होने की उम्मीद है और कंपनी की वेबसाइट पर या फिर पूरे भारत में मौजूद डीलरों को 2100 रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर बुक किया जा सकता है।

खास कर भारतीय बाजार के मद्देनजर कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन की परिकल्पना और डिजाइन कर 'वोकल फॉर लोकल' की मिसाल रखते हुए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को और आसान बना दिया है। इसी साल के अंत तक कंपनी इलेक्ट्रिक कार्गो 4-व्हीलर 1.50 एमटी, 2.50 एमटी और 3.00 एमटी क्षमता में लॉन्च करने की घोषणा की है और विभिन्न रेंज में 2 व्हीलर और इलेक्ट्रिक बस लॉन्च करने की तारीख की घोषणा भी करेगी।

इस मौके पर राणा ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक दर्शन राणा ने कहा, हम अलग-अलग सभी ईवी सेगमेंट को लक्ष्य बना कर काम कर रहे हैं। सबसे पहले फेज 1 में ईवी सेगमेंट के तहत 8 प्रोडक्ट लॉन्च करने जा रहे हैं - इलेक्ट्रिक 3 व्हीलर (एल 5 सेगमेंट) - पैसेंजर - एचडी एवं कम्पैक्ट, कार्गो, डेलिवरी वैन और इलेक्ट्रिक एसी चार्जर / चार्जिंग स्टेशन (रेटिंग 3.3 किलोवाट, 7.2 किलोवाट, 10 किलोवाट और 14 किलोवाट क्रमशः)। फेज 2 में 1.5 टन से 20 टन क्षमता के कमर्शियल वाहनों का विकास करेंगे। फेज 3 में कंपनी अपनी दूरदृष्टि का विस्तर करते हुए धीमी और उच्च गति के इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर - मोटरसाइकिल और स्कूटर का उत्पादन शुरू करेगी। फेज 4 में कंपनी 7 मीटर, 9 मीटर और 12 मीटर रेंज में इलेक्ट्रिक बसें लॉन्च कर सभी ईवी सेगमेंट में समाधान देने में अपनी सक्षमता और बढ़ाएगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों को जरूरी सहायक सेवा देने के लिए हम पूरे भारत में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों का इको सिस्टम तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

### घरेलू डेयरी बाजार को 2027 तक 30 लाख करोड़ रु. तक पहुंचाने का प्रयास : शाह

गंगटोक। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां कहा कि मोदी सरकार घरेलू डेयरी बाजार को 2027 तक 30 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। शाह सिक्किम में गंगटोक में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के 'सहकारी डेयरी सम्मेलन- 2022' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस समय यह कारोबार 13 लाख करोड़ रुपये का है। मोदी सरकार इसे पांच साल में 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा डेयरी क्षेत्र को और बढ़ावा देने वाली अनेक पशुपालन योजनाएं चलाई गयी है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने क्षेत्र के 2000 करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर 6000 करोड़ रुपये करने का काम किया है।

### आईओएल केमिकल्स को मिला रीच प्रमाणीकरण

मुंबई। सक्रिय फार्मास्युटिकल घटक (एपीआई) और विशेष रसायनों की निर्माता आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आईओएल) ने घोषणा कि की कंपनी को यूरोपीय बाजार में इथाइल एसीटेट की आपूर्ति के लिए रसायनों का पंजीकरण, मूल्यांकन, प्राधिकरण और प्रतिबंध (रीच) प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। कंपनी 40 से अधिक देशों में इथाइल एसीटेट का निर्यात करती है। कंपनी ने यूरोपीय देशों में कारोबार का विस्तार करने में सहायता करने के लिए रीचलॉ को उनके एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की। यूरोपीय संघ का रीच प्रमाणीकरण एक विनियमन है जिसे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपनाया गया है। कानून का उद्देश्य यूरोपीय संघ के रसायन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना है।

### मुंबई महानगर क्षेत्र में मकानों की किल्लत

मुंबई। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में किफायती दाम के मकानों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर है और इस इलाके में एक-तिहाई लोग किराए के मकानों में रहते हैं। अचल संपत्ति बाजार का अध्यन करने वाली फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया और रियल एस्टेट विकास में लगी कंपनियों के संगठन नरेडको की एक साझा रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि इस समय एमएमआर में संगठित क्षेत्र में एक लाख किराएदारी लीज(पट्टा) के समझौते चल रहे हैं। इलाके में असंगठित क्षेत्र का आवास बाजार इससे भी बड़ा है। नाइट फ्रैंक इंडिया-नरेडको की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएमआर इलाके में झुग्गियों में रहने वाले 35 प्रतिशत लोग किराए पर रह रहे हैं। रिपोर्ट में सर्वेक्षण के अनुसार कहा गया है कि एमएमआर में किफायती दाम के माकनों की मांग ऊंची है जिसमें 67 प्रतिशत मांग 25 लाख रुपये मूल्य से कम के मकानों की है। इसी तरह 13 प्रतिशत मांग 25-50 लाख रुपये के मकानों की है और 20 प्रतिशत मांग 50 लाख रुपये से ऊपर वाले मकानों की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में डेवलपर कंपनियों ने इलाके में करीब 10 लाख नए मकान विकसित किए। इसके बावजूद मांग के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नए मकानों की आपूर्ति में 50 लाख से ऊपर के मकानों का हिस्सा 44 प्रतिशत रहा उसके बाद 34 प्रतिशत नए मकान 25-50 लाख रुपये मूल्य के दायरे वाले रहे जबकि 25 लाख से कम के मकानों की आपूर्ति का हिस्सा 22 प्रतिशत ही रहा। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंधन निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, मुंबई कभी रहने और काम करने के लिए लोगों की पसंद का शहर था लेकिन आज यह बुनियादी सुविधाओं की कमी, घटिया मकानों की समस्या से जूझ रहा है शहर के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुंबईवासियों को आवास सुलभ कराना है।

## वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ शेयर बाजार दबाव में

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर एनर्जी, तेल और आईटी जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार दबाव में दिखा जिससे सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 30.81 अंक टूटकर 58191 ।29 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 17.15 अंक उतरकर 17314.65 अंक पर रहा। मझौली कंपनियां जहां दबाव में दिखी वहीं छोटी कंपनियों में तेजी रही। बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत टूटकर 25384.80 अंक पर जबकि स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत चढ़कर 29182.93 अंक पर रहा।

बीएसई में अधिकांश समूह गिरावट में रहा जिसमें तेल एवं गैस में सबसे अधिक 0.78 प्रतिशत, एनर्जी में 0.72 प्रतिशत, आईटी 0.57 प्रतिशत की गिरावट रही। इस दौरान सीडी में 2.13 प्रतिशत और टेलीकम्युनिकेशंस में 0.91 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई में कुल 3553 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1862 बढ़त में और 1576 गिरावट में रही जबकि 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर प्रमुख समूह गिरावट में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.07 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.71 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 130 अंकों की गिरावट लेकर 58092.56 अंक पर खुला।

सत्र के दौरान यह 58269.34 अंक के उच्चतम और 57852.15 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 58222.10 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत अर्थात 30.81 अंक टूटकर 58191.29 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 16 कंपनियां लाल निशान में रही जबकि 14 बढ़त बनाने में सफल रही।

एनएसई का निफ्टी 44 अंकों की गिरावट लेकर 17287.20 अंक पर खुला।

सत्र के दौरान यह 17337.35 अंक के उच्चतम और 17216.95 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले सत्र के 17331.80 अंक की तुलना में 17.15 अंक अर्थात 0.1 प्रतिशत उतरकर 17314.65 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 30 कंपनियों में से 32 को नुकसान हुआ जबकि 18 मुनाफे में रही।

## शार्ट न्यूज

### आरपीएसजी ग्रुप ने गंभीर की भूमिका को दिया विस्तार

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्वामित्व वाले आरपीएसजी ग्रुप ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी गौतम गंभीर की सेवा को विस्तार देते हुये उन्हें अपने क्रिकेट संचालन मामलों का वैश्विक 'मेंटोर' नियुक्त किये जाने का एलान किया है। गौतम गंभीर फिलहाल लखनऊ सुपर जायंट्स में मेंटोर की भूमिका का निर्वहन कर रहे है मगर अब वह दक्षिण अफ्रीका में आरपीएसजी समूह की टी20 टीम डरबंस सुपर जायंट्स के भी मेंटोर होंगे। गंभीर के मार्गदर्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने पदार्पण सत्र में ही प्लेआफ के लिये क्वालीफाई किया था। ग्रुप ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा गंभीर आरपीएसजी परिवार के अभिन्न सदस्य रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए भी उनकी विशेषज्ञता एक सम्मान और सौभाग्य की बात है। वह क्रिकेट की बारीकियों को तेजी से समझ सकते हैं। समूह को लगता है कि वह न केवल भारतीय परिस्थितियों में बल्कि अन्य देश में भी अपनी सेवायें दे सकते हैं। गंभीर ने कहा, सुपर जायंट्स के वैश्विक संरक्षक के रूप में मैं कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी की आशा करता हूं। सुपर जायंट्स परिवार को वैश्विक छाप छोड़ते हुए देखना गर्व का क्षण होगा। मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए मैं सुपर जायंट्स परिवार को धन्यवाद देता हूं।

### हैदराबाद में अगले साल होगी देश की पहली फार्मूला रेस

हैदराबाद। भारत में पहली फार्मूला ई-रेस 'हैदराबाद ई-प्रिक्स' यहां नेकलेस रोड पर अगले साल 10 और 11 फरवरी को आयोजित की जायेगी। दुनिया में प्रमुख इलेक्ट्रिक सिंगल सीटर रेसिंग श्रृंखला 'ई-प्रिक्स की मेजबानी करने के बाद हैदराबाद का नाम न्यूयार्क, लंदन, बर्लिन, सोल, मोनाको और रोम जैसे देशों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया जायेगा जिन्होंने इससे पहले सिंगल सीटर रेसिंग श्रृंखला का आयोजन किया है। हैदराबाद सूचना तकनीकी विभाग के अनुसार इस इवेंट में 11 टीमों के 22 ड्राइवर हैदराबाद स्ट्रीट सर्किट के आसपास जीत के लिए भिड़ेंगे। इस मौके पर जश्न मनाने और मार्की रेस के लिए, तेलंगाना सरकार छह से 11 फरवरी के बीच हैदराबाद ई-मोबिलिटी वीक का आयोजन करेगी, जिसमें कई रोमांचक कार्यक्रम होंगे। इसमें हैदराबाद ईवी समिट, राल एक हैदराबाद और हैदराबाद ई मोटर्स शो शामिल है।

### टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को प्रोत्साहित करेगा गीत 'विजयी भव'

नयी दिल्ली। आस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जोश भरने के लिये मुंबई की एक गैर सरकारी संस्था ने चीयरिंग स्कवॉड इंडिया फाउंडेशन (सीएसआईएफ) ने 'विजयी भव' नामक गीत लॉन्च किया है। संस्था का दावा है कि 'विजयी भव इंडिया' गीत एक भाव है, जिसका उद्देश्य विश्व कप वापस अपने देश वापस लाने के लिए संयुक्त रूप से भारतीय टीम को प्रोत्साहित करना है। इस गीत की शुरुआत एक पवित्र श्लोक के साथ होती है और 'विजयी भव' का स्वर धीरे-धीरे बढ़ते हुए चरम सीमा पर पहुंचता है और शक्तिशाली ऊर्जा निर्माण करता है। प्रज्ञा पलसुले ने इसे लिखा और इसका संगीत तैयार किया है और इसे उभरते गायक अभिजीत नलावडे ने गाया है। सीआईएसएफ के संस्थापक मकरंद पाटील ने कहा कि 'विजयी भव' गीत भारतीय क्रिकेट टीम की लगन को सलाम करता है जो हर समय विजय हासिल करने के लिए अपने प्रत्येक मैच को कुरुक्षेत्र के युद्ध की तरह देखती है। इसके पीछे विचार यह है कि देश को एक साथ लाया जाए और मिलकर प्रार्थना की जाए। 'विजयी भव' एक भाव है जो एक अरब भारतीयों द्वारा देश की टीम के प्रति अपने समर्थन का संकल्प प्रदर्शित करता है। गीत में प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक जोशी, ऋतुराज फड़के, संदीप जुवाटकर, आनंद काले, माधव देवचाके, नरेश मारू जैसे कई सेलिब्रिटी क्रिकेट खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि 16 अक्टूबर से वर्ल्ड कप की शुरुआत हो रही है और 23 अक्टूबर को भारत अपना पहला मैच खेलेगा।

### आलीना को हरा कर दीप्ति चौधरी फाइनल में

लखनऊ। तेजतर्रार प्रदर्शन के बल पर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप अंडर-14 जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार को बालिका वर्ग में पहली वरीयता प्राप्त आलीना फारिद को आसानी से हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया वहीं बालकों में शीर्ष वरीय पी सरन का खिताबी मुकाबला वी बिदासारिया से होगा। विजयंतखंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में तीसरी वरीयता दीप्ति शर्मा ने सेमीफाइनल में आलीना फरीद को 6-1,6-4 से हरा दिया जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में शेरी शर्मा ने हमवतन खुशी गौर को 6-2,6-4 से परास्त कर फाइनल का टिकट कटाया। बालक वर्ग में पी सरन ने तीसरी वरीय एस जीबू को 6-2,6-2 से हरा कर फाइनल मे प्रवेश किया वहीं बिदासारिया ने गैर वरीयता प्राप्त वंशराज जालोटा को 6-4,6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की।

### सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के लिये यूपी टीम का ऐलान

कानपुर। सैयद मुश्ताक अली टी-20 चैंपियनशिप के लिये उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गयी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के सूत्रों ने बताया कि टीम के कप्तान करन शर्मा होंगे जबकि उपकप्तान का दायित्व समीर चौधरी निभायेंगे। इसके अलावा 15 सदस्यीय दल में रिंकू सिंह, प्रियम गर्ग, आर्यन जुयाल, समीर रिजवी, हरदीप सिंह, दिव्यांश जोशी,प्रिंस यादव,यश दयाल, शिवम मावी, कार्तिक त्यागी, शिवम शर्मा, शिवा सिंह और अक्शदीप नाथ को शामिल किया गया है। स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची में शानु सैनी,ध्रुव चंद जुरेल,कार्तिकेय जायसवाल,जसमेर धनखड़,आकिब खान,अटल बिहारी राय और अंकित राजपूत शामिल है। टीम 11 अक्टूबर को अपना पहला मुकाबला पुदुचेरी के साथ खेलेगी।

### जुडवां भाइयों ने जीते कुश्ती पदक

हमीरपुर। सिरमौर में हिमाचल प्रदेश के स्कूलों की अंडर -14 कुश्ती चैंपियनशिप में जुड़वां भाइयों सबया ने स्वर्ण और सौम्या ने रजत पदक जीते। कुश्ती में 35 किग्रा भार वर्ग में सौम्या ने रजत जीता जबकि 48 किग्रा वर्ग में सब्या ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों बच्चों के पिता पवन कुमार और माता नीना कुमारी भी अपने कॉलेज के दिनों में एथलेटिक्स में स्टेट चैंपियन रहे थे। दोनों शिक्षा विभाग में कॉलेज शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। सौम्या और सब्या ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, अपनी बहन और राष्ट्रीय एथलीट दिव्या राजपूत, मेंटर्स और कोच जॉनी चौधरी, रिंकू शर्मा और दीपक पहलवान को दिया।

### रिजवान के तूफान के आगे बांग्लादेश नतमस्तक

क्राइस्टचर्च। मोहम्मद रिजवान (78 नाबाद) और शान मसूद (31) की आक्रामक पारियों की मदद से पाकिस्तान ने शुक्रवार को टी-20 त्रिकोणीय श्रृखंला के पहले मैच में बांग्लादेश को 21 रन से शिकस्त दी। हेग्ले ओवल मैदान पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की जीत के सूत्रधार ओपनर रिजवान रहे। रिजवान ने महज 50 गेंदों पर 78 रन ठोक दिये और अंत तक क्रीज पर डटे रहे। रिजवान ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 101 मिनट क्रीज पर टिक कर सात चौके और दो छक्के जड़े। कप्तान बाबर आजम (22) के आउट होने के बाद दूसरे छोर पर बल्लेबाजी करने आये मसूद ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 22 गेंदो पर 31 रन बना दिये। जीत के लिये 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिटन दास (35), आफिफ हुसैन (25) के बाद यासिर अली (42 नाबाद) की तूफानी पारी भी टीम की हार को नहीं टाल सकी। यासिर ने 200 के स्ट्राइक रेट से महज 21 गेंदों पर बहुमूल्य रन 42 रन का योगदान दिया।

# भारत को पाकिस्तान के हाथों एशिया कप में मिली पहली हार




**सिलहट।** महिला टी-20 एशिया कप में लगातार तीन मैच अपने नाम करने वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ दवाब में नजर आयी और इसका खामियाजा उसे हार के साथ चुकाना पड़ा।

सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर पाकिस्तान द्वारा जीत के लिये दिये गये लक्ष्य 138 रन का पीछा करते हुये भारत की पूरी टीम 19.4 ओवर के खेल में 124 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और उसे 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। गेंदबाजी में औसत प्रदर्शन कर पाकिस्तानी बालाओं को 137 रन बनाने का मौका देने वाली भारतीय टीम ने बल्ले से भी स्तरहीन प्रदर्शन किया और नियमित अंतराल में विकेट गंवाने का सिलसिला जारी रहा। मात्र 65 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद क्रीज पर आयी कप्तान हरमनप्रीत (12) ने भी अपने प्रशंसकों को निराश किया। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने निचले क्रम में आकर 13 गेंदो पर 26 रन बनाये मगर तब तक जीत टीम इंडिया के हाथों से लगभग फिसल चुकी थी।

पाकिस्तान ने भारत को खेल के हर विभाग में पछाड़ते हुये अहम जीत हासिल की। नसरा संधू ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये जबकि सादिया इकबाल और बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली निदा डार को दो दो विकेट मिले। इसके अलावा नसरा संधू के चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत पाक विकेटकीपर मुनीबा अली ने पूजा वस्त्रकार को रन आउट किया।

इससे पहले टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीन विकेट महज 33 रन पर गंवाने के बाद मुश्किल में नजर आ रही पाकिस्तान की टीम को कप्तान मारूफ ने निदा डार के साथ संभाला। निदा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये 37 गेंदों पर 56 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें उनके पांच चौके और एक छक्का शामिल है। गुजरांवाला की 35 वर्षीय खिलाड़ी के टी-20 करियर का यह छठा अर्द्धशतक था।

दूसरे छोर पर मारूफ ने संभल कर खेलते हुये 35 गेंदों पर 32 रन बनाये। मारूफ के आउट होते ही भारत का शिकंजा एक बार फिर पड़ोसी मुल्क पर कस गया और पाक निर्धारित 20 ओवर में 137 ही बना सकी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा 27 रन पर तीन विकेट चटका कर सबसे सफल गेंदबाज रही जबकि पूजा वस्त्रकार ने 23 रन पर दो विकेट हासिल किये।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम रांची पहुंची

एजेंसी

रांची। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ अक्टूबर रांची के सीएससीए स्टेडियम में होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस मैच के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम आज रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद सीधे रेडिसन ब्लू होटल चली गई। दोनों टीमें कल जेएससीए स्टेडियम में प्रैक्टिस करेगी।

इस मैच की सुरक्षा में चार आईपीएस, 20 डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर, 84 सब-इंस्पेक्टर और लगभग दो हजार जवान शहर में तैनात रहेंगे।

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से चार आईपीएस की तैनाती रांची में की गई है। सभी आईपीएस को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वो रांची एसएसपी से कॉर्डिनेट कर सुरक्षा की मॉनिटरिंग करें। स्टेडियम के अंदर और बाहर की सुरक्षा को लेकर कुल 29 डीएसपी, 500 पुलिस पदाधिकारी, इंस्पेक्टर ,दरोगा और जमादार शामिल हैं। इसके अलावा 2000 जवानों की तैनाती स्टेडियम से लेकर मुख्य गेट और स्टेडियम के चारों तरफ की जाएगी।

होटल रेडिसन ब्लू से लेकर जेएससीए स्टेडियम तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। एसपी किशोर कौशल ने आज बताया कि स्टेडियम के आसपास ड्रॉप गेट बनाए जा रहे हैं। इन ड्रॉप गेट्स से स्टेडियम में वैसे ही लोगों को जाने की इजाजत मिलेगी, जिनके पास पास या फिर टिकट होगा।

बिना पास या टिकट के किसी भी व्यक्ति को अंदर दाखिल होने की इजाजत नहीं होगी। स्टेडियम के अंदर और बाहर जवानों की तैनाती रहेगी। रिजर्व में भी पुलिस बल को रखा गया है।

## डेविड वॉर्नर और मिशेल स्टार्क के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज का 2-0 से सफाया किया

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को 31 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर की 10 चौके और तीन छक्के जड़ित 41 गेंद की पारी और टिम डेविड के 42 रन (20 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के योगदान से सात विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए, जिसका नतीजा ये हुआ कि टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी। जॉनसन चार्ल्स 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अकील हुसैन ने 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिशेल स्टार्क ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया द्वारा मिले 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले मैच में 39 रन की शानदार पारी खेलने वाले काइल मेयर्स के रूप में पहला विकेट गंवाया। वह 5 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुए। ब्रैंडन किंग 18 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान निकोलस पूरन भी ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके और 2 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जॉनसन चार्ल्स 30 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। स्टार्क ने जेसन होल्डर को 16 रन पर आउट किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क ने 20 रन देकर चार खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। उनके अलावा पैट कमिंस को दो विकेट मिले।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद वॉर्नर ने कप्तान आरोन फिंच (15 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिये 52 गेंद में 85 रन की भागीदारी निभायी। स्टीव स्मिथ (17 रन) और डेविड के बीच पांचवें विकेट के लिये 26 गेंद में 56 रन की साझेदारी भी अहम रही।

## हरभजन सिंह ने पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रमुख पर अवैध गतिविधियों का लगाया आरोप



नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर और पंजाब क्रिकेट संघ के मुख्य सलाहकार हरभजन सिंह ने आरोप लगाया है कि पीसीए के कुछ अधिकारी अवैध कार्यों में संलिप्त हैं। हरभजन ने पत्र में उन पदाधिकारियों का नाम नहीं लिया। पत्र पीसीए सदस्यों और संघ क ी जिला ईकाइयों को भेजा गया है। राज्यसभा सांसद हरभजन ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी विस्तृत पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में लिखा, लब्बोलुआब यह है कि पीसीए 150 सदस्यों को मताधिकार के साथ शामिल करना चाहता है ताकि उनका पलड़ा भारी रहे। यह सब मुख्य सलाहकार से सलाह लिए बिना या शीर्ष परिषद से पूछे बिना किया जा रहा ह। यह बीसीसीआई संविधान, पीसीए के दिशा निर्देश के खिलाफ है और खेल ईकाइयों के पारदर्शिता के नियम का उल्लंघन भी है। पत्र के बारे में पूछने पर हरभजन ने पीटीआई से कहा, मुझे पिछले 10-15 दिन से शिकायतें मिल रही है। मुझे मुख्य सलाहकार बनाया गया है, लेकिन अधिकांश नीतिगत फैसलों के बारे में मुझे बताया नहीं जाता। मुझे सदस्यों और मुख्यमंत्री को पत्र लिखना पड़ा, क्योंकि कोई और चारा नहीं था।

# 'भगवान ने आपको सत्ता में रखा' : 70 साल के हुए पुतिन, रूस के धार्मिक नेता दे रहे बधाई



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार 7 अक्टूबर को 70 साल के हो गए। जोसेफ स्टालिन के बाद पुतिन रूस के सबसे लंबे समय तक सर्वोच्च पद पर रहने वाले नेता हैं। यूक्रेन युद्ध के बीच कई बार इस तरह की खबरें आईं कि पुतिन की हत्या के प्रयास किए गए। अब जन्मदिन के मौके पर रूस के चर्च प्रमुख पुतिन की लंबी उम्र की कामना कर रहे हैं और उन्हें संकट से बचाने की प्रार्थना कर रहे हैं। पूरे रूस में पुतिन की सेहत के लिए प्रार्थनाएं की जा रही हैं। रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पैट्रिआर्क किरिल ने पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि भगवान ने उन्हें सत्ता सौंपी है। देश के अन्य नेताओं के साथ पुतिन को जन्मदिन की बधाई देते हुए पैट्रिआर्क ने कहा, भगवान ने आपको सत्ता में रखा है ताकि आप देश के भाग्य और आपकी देखभाल करने वाले लोगों के लिए विशेष महत्व के साथ महान जिम्मेदारी से सेवा कर सकें।

पुतिन के जन्मदिन के मौके पर मॉस्को और ऑल रूस के कुलपति (चर्च प्रमुख) ने देश से दो दिन की विशेष प्रार्थना करने के लिए कहा ताकि भगवान पुतिन को स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें।

31 दिसंबर 1999 को रूस की सत्ता संभालने वाले पुतिन को फिलहाल अपने शासन की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस पश्चिमी देशों से भी लोहा ले रहा है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस पहली बार खुले तौर पर पश्चिमी देशों के साथ सीधे और गंभीर टकराव की स्थिति में है।

ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पैट्रिआर्क किरिल ने पुतिन के लिए प्रार्थन करते हुए कहा, हे भगवान, हम आपसे रूसी राज्य के प्रमुख व्लादिमीर व्लादिमीरोविच के लिए प्रार्थना करते हैं, और आपको अपनी समृद्ध दया और उदारता उन्हें देने के लिए कहते हैं। उन्हें स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें। 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद रूस में फैली अराजकता को समाप्त करने की कसम खाने वाले पुतिन सबसे गंभीर युद्ध संकट का सामना कर रहे हैं।

जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी जैसे विरोधियों का कहना है कि पुतिन रूस को बर्बादी की ओर ले गए हैं। उन्होंने अक्षम चापलूसों की एक फौज का निर्माण किया है जो अंततः पतन और रूस को अराजकता की ओर ले जाएगा। वहीं समर्थकों का कहना है कि पुतिन ने अहंकारी और आक्रामक पश्चिमी देशों द्वारा रूस को विनाश से बचाया है। उनका कहना है कि शीत युद्ध समाप्त होने के बाद रूसी अभिजात वर्ग द्वारा झेले गए अपमानों के बाद उन्होंने अपना दबदबा कायम किया है।

लेकिन यूक्रेन पर पुतिन का आक्रमण अब तक विफल रहा है। सात महीने से अधिक से चल रहे युद्ध के बाद, रूस को जवानों और हथियारों का भारी नुकसान हुआ है और पिछले एक महीने में कई मोर्चों पर पीछे हटना पड़ा है।

### लास वेगास में छुरेबाजी में दो लोगों की मौत

लॉस एंजिल्स। अमेरिका में लास वेगास स्ट्रिप के व्यान कैसिनो के सामने चाकू घोंपने की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार अपराह्न साउथ लास वेगास बुलेवार्ड के 3100 ब्लॉक में हुई। पुलिस ने कहा कि इस छुरेबाजे में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है और घटनास्थल से रसोईघर में इस्तेमाल करने वाला एक बड़ा चाकू बरामद हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह हमला कई स्थानों पर हुआ और इसमें शामिल कुछ पीड़िता 'शोगर्ल' हो सकती हैं जो स्ट्रिप पर पर्यटकों के साथ फोटो खिंचवाती हैं।

## साड़ी पहनने वाली महिलाओं को ही टारगेट करता था यह अमेरिकी, दो महीने में 14 वारदातें

नई दिल्ली। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि कैलिफोर्निया में 14 हिंदू महिलाओं पर जानलेवा हमला करके उनकी ज्वैलरी लूट के मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इन घटनाओं को महज दो महीने के अंतराल में अंजाम दिया है। इन वारदातों में एक बात जो कॉमन है वो यह कि उसका शिकार सिर्फ साड़ी पहनने वाली महिलाएं थीं। अपराध को अंजाम देने के बाद वह महिलाओं के आभूषण लूट लेता था।

सांता क्लारा काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, 37 वर्षीय लाथन जॉनसन ने कथित तौर पर जून से अगले दो महीनों के भीतर वृद्ध हिंदू महिलाओं को निशाना बनाया और उनकी गर्दन से हार लूट लिए। पालो ऑल्टो निवासी जॉनसन भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को शिकार बनाता था। इस लूटपाट में उसने महिलाओं के साथ मारपीट भी की।

#### इन महिलाओं का शिकार

एजेंसी के मुताबिक, उसका शिकार विशेष रूप से 50 से 73 उम्र की महिलाएं होती थी। वह सिर्फ साड़ी पहनने वाली महिलाओं को शिकार बनाता था।

जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने कहा कि जब उन पर हमला किया गया तो लगभग सभी पीड़ितों ने साड़ी, बिंदी, या अन्य प्रकार की भारतीय पोशाक पहन रखी थी। जून में शुरू हुई अधिकांश घटनाएं सैन जोस, मिलपिटास, सनीवेल और सांता क्लारा में हुईं।

वह महिलाओं पर जानवेला हमला करने से भी गुरेज नहीं करता था। एक उदाहरण में, उसने कथित तौर पर एक महिला के पति के चेहरे पर घूंसा मारा फिर महिला के गले से हार लूटकर फरार हो गया। इस दौरान उसने महिला को धक्का मारकर गाड़ी से नीचे गिरा दिया। एक अन्य घटना में उसने महिला की कलाई तोड़ दी।

#### दोषी ठहराया गया तो 63 साल की सजा

जॉनसन को सांता क्लारा पुलिस विभाग और यूएस मार्शल पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर दोषी ठहराया जाता है, तो जॉनसन को अधिकतम 63 साल की जेल की सजा मिल सकती है। मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। चोरी किए गए सभी हारों की कीमत लगभग 35,000 अमेरिकी डॉलर आंकी गई है।

### जी-20 संसदों के बीच नियमित संवाद जरूरी

जकार्ता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा प्रयास करने, श्रेष्ठ अनुभव साझा करने और नियमित संवाद कायम रखने की जरूरत है। बिरला ने इंडोनेशिया में जी-20 देशों के संसद के समूह पी-20 के अध्यक्षों के 8वें शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन में यह निष्कर्ष निकला है कि आपसी सहयोग की भावना ही जी-20 की सफलता की आधारशिला है। पिछले 75 वर्षों में भारत के लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की यात्रा में जनता के मत के अनुसार सत्ता का सहज हस्तांतरण हमारे संविधान और लोकतंत्र की विशेषता रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संसद देश के नागरिकों के हितों का संरक्षण करती हैं और कानून और नीतियाँ बनाने में मार्गदर्शन करती हैं। 21वीं सदी में दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हम सभी को अपने देशों और विश्व में भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साझा प्रयास, श्रेष्ठ अनुभवों को साझा करने और नियमित संवाद पर बल देना चाहिए। अपनी-अपनी संप्रभुता के अनुसार नवाचार करने और चुनौतियों से निपटने एवं उनके समाधान के लिए आपस में हमारे नियमित संवाद और साझा प्रयासों से हमें हमारी संसदों का मार्गदर्शन करना चाहिए।


### 1962 के बाद परमाणु खतरा सबसे ज्यादा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के बाद वर्तमान में परमाणु महायुद्ध का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ गया है। यह जानकारी बीबीसी ने शुक्रवार को दी। श्री बिडेन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब यूक्रेन में प्राप्त असफलताओं के बाद सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग करने की बात कर रहे थे तो वह बिल्कुल मजाक नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका पता लगाने की कोशिश कर रहा था कि पुतिन युद्ध से कैसे बाहर आते हैं। अमेरिका और यूरोपीय संघ पहले भी चेतावनी दे चुके हैं कि पुतिन की परमाणु धमकी को गंभीरता से लेना चाहिए। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पिछले सप्ताह कहा था कि मास्को से परमाणु संकेत प्राप्त होने के बावजूद, इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि रूस परमाणु हथियार का उपयोग करने की तैयारी कर रहा है। यूक्रेन पर 24 फरवरी को हमला करने के बाद से रुस द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्रों को यूक्रेन फिर से प्राप्त कर रहा है, जिसमें रूस द्वारा हाल ही में अवैध रूप से कब्जा किए गए चार क्षेत्र भी शामिल हैं। अमेरिका कई महीनों से चेतावनी दे रहा है कि अगर रूस को युद्ध के मैदान में असफलता हाथ लगी तो वह सामूहिक विनाश वाले हथियारों का उपयोग कर सकता है। पिछले शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में जापान के खिलाफ परमाणु हथियारों का उपयोग करके एक मिसाल कायम की थी। उन्होंने रूसी क्षेत्र की रक्षा के लिए हर साधन का उपयोग करने की भी धमकी दी थी।

### श्रीलंका में नहीं दूषित भारतीय कफ सिरप

कोलंबो। भारत में सर्दी जुकाम के लिए बने सिरप के उपयोग से पश्चिमी अफ्रीका के गाम्बिया में साठ से अधिक बच्चों की हुई मौत पर शुक्रवार को टिप्पणी करते हुए श्री लंका के स्वास्थ्य मंत्री केहेलिया रामबुक्केला ने कहा कफ सिरप को श्रीलंका ने भारत से न ही आयात किया है और न ही उसे दान में मिली है। डेली मिरर ने श्री रामबुक्केला के हवाले कहा कि राष्ट्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण (एनएमआरए), स्टेट फार्मास्युटिकल्स कॉर्प (एसपीसी) और मेडिकल आपूर्ति विभाग ने पुष्टि की थी कि कफ सिरप का आयात या देश को दान नहीं किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोफेक्समालिन, मकॉफ़ और मैग्रीप एन कोल्ड सिरप पर एक चिकित्सा उत्पाद अलर्ट जारी किया है। इन सिरप का सेवन करने से गाम्बिया में बच्चों को गुर्दे की परेशानी हुई और अभी तक 66 बच्चों की मौतों को इन सिरप के सेवन करने से जोड़ा जा रहा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा रिपोर्ट के अनुसार इन सिरप का निर्माण भारतीय कंपनी मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा किया गया था, जो अपने उत्पाद की सुरक्षा की गारंटी देने में विफल रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# शादीशुदा जिंदगी में इन बातों को करें फॉलो

लड़ाई-झगड़ा, प्यार-मोहब्बत, हर रिश्ते में होना लाजमी है। लेकिन अगर ये झगड़ा बहुत ज्यादा होने लगे तो ये अच्छा नहीं होता क्योंकि इससे रिश्ते टूट सकते हैं। किसी भी रिश्ते में लड़ाई होना बेहद खराब है, हां हल्की-फुल्की नोक झोंक तो हर घर में होती है, पर जब ये ज्यादा होने लगे तो खतरे की घंटी साबित हो सकती है। अगर आपके रिश्ते में ऐसा कुछ हो रहा है तो आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। आइए, जानते हैं-

## विश करें

तो क्या हुआ कि आपकी शादी को कई साल हो चुके हैं, प्यार को बरकरार रखने के लिए आपको हर चीज करनी चाहिए। भले ही आप दोनों के उठने का समय अलग है लेकिन आप दोनों को सुबह एक दूसरे को गुड मॉर्निंग विश करना चाहिए। साथ ही रात में सोने पर भी आपको गुड नाइट विश करके सोना चाहिए। ये एक अच्छी आदत होने के साथ-साथ आपके रिश्ते को जीवित रखने में मदद करता है।

## फूल

फूल किसे पसंद नहीं होते, इन दिनों फेस्टिव सीजन है तो यकीनन आपकी वाइफ भी रोजाना अच्छे से तैयार होती होंगी। ऐसे में उनको आप फूल दे सकते हैं। वह इसे अपने बालों में लगा सकती है और ये सच में काफी रोमांटिक होगा।

## तारीफ

एक दूसरे की तारीफ करें। आप अपने पार्टनर की किसी फोटो या फिर वो दिन भर कैसी लग रही थी इस बात की तारिफ करें। रोजाना आप दोनों मेहनत करते हैं तो ऐसे में एक दूसरे के काम की तारीफ भी कर सकते हैं।



# हाई हील पहनने की हैं शौकीन, पूरे दिन पहनकर रखने के लिए अजमाएं ये हैक्स

**हील्स पहनना अधिकतर महिलाओं को पसंद होता है। हील्स पहनने के लिए किसी भी परफेक्ट आउटफिट पहनने की जरूरत नहीं होती, बल्कि किसी भी लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हील्स पहन सकते हैं। हील्स की एक खासियत यह भी है कि यह पैरों को ज्यादा लंबा दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। हाई हील्स के साथ एक समस्या यह होती है कि यह बहुत ज्यादा देर तक आपको कंफर्टेबल महसूस नहीं करवाते हैं। इसलिए अगर आप ऑफिस में या फिर किसी मैरिज फंक्शन आदि में पहन रही हैं तो हो सकता है कि आपको पैरों में दर्द का एहसास होने लगे। तो जानते हैं हाई हील्स से जुड़े कुछ हैक्स के बारे में।**

## हैक 1

डबल टेप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप तलवे से चिपका दें। यह ट्रिक आपके फुटवियर को पैरों पर ज्यादा आरामदायक तरीके से रखेगी। साथ ही इसके कारण होने वाले फफोले और पैर की उंगलियों में दर्द काफी हद तक कम हो जाएगा।

## हैक 2

हील्स में आप इनसोल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये सिलिकॉन या कपड़े से बने होते हैं। यह आपके पैरों को हाई हील्स में आगे बढ़ने से रोकते हैं, साथ ही आरामदायक भी होते हैं।

## हैक 3

पार्टी में अक्सर हील्स उतारने का मन करता है, लेकिन आप ऐसा करने से बचें क्योंकि जब आप हील्स उतारते हैं तो उस पल तो आपको राहत मिल जाती है लेकिन कई बार ऐसा करते ही पैरों में सूजन आ जाती है और फिर जब आप हील्स दोबारा पहनती हैं तो पैरों में ज्यादा दर्द होता है।



# हर लड़की को सीखनी चाहिए ये चीजें

**घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में लड़कियों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है।**

यूं तो आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है। बावजूद इसके आज जानते हैं वो 5 चीजें जिन्हें होम मेकर हो या कोई प्रोफेशनल लड़की, जरूर सीखना चाहिए।

## अकाउंट्स मेनटेन रखना

घर संभालना हो या फिर बाहर रहकर नौकरी करते हुए अपने खर्चों को करना हो मैनेज, लड़कियों को अपने फाइनेंशियल डिसीजन खुद लेने आने चाहिए। इसके लिए उन्हें सबसे पहले अपना अकाउंट्स मेंटेन करना जरूर आना चाहिए। आप ऐसा करते हुए आप अपने खर्चों पर भी खुद नजर रख पाएंगी। इसके अलावा लड़कियों को समय पर टैक्स रिटर्न भरना भी जरूर सीखना चाहिए। अपने रिटायरमेंट प्लान से लेकर सेविंग्स तक की प्लानिंग के लिए अपने पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें।

## साइन करने से पहले हर कागज को अच्छे से पढ़ें

ज्यादातर लोग अक्सर किसी डॉक्यूमेंट या कागज को बिना पढ़े ही साइन कर देते हैं। आपकी ये आदत आपको भविष्य में नुकसान पहुंचा सकती है। लड़कियों का मन कोमल होता है। आपका किसी पर विश्वास करना उचित है बावजूद इसके आपको समझदारी से काम लेना भी आना चाहिए। ऐसे में कभी भी किसी भी लीगल या जरूरी डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने से पहले उसे जरूर अच्छे से पढ़ें।

## बेसिक सेल्फ डिफेंस स्किल्स

वक्त चाहे कोई भी क्यों न हो, आप अपनी किस्मत को आजमाने के लिए रात या दिन का इंतजार थोड़े ही करेंगे। रात हो या दिन, आपको अपनी सुरक्षा के लिए बेसिक सेल्फ डिफेंस मूव्स जरूर आने चाहिए ताकि आप मौका पड़ने पर किसी भी जगह सुरक्षित रह सकें। आप इसके लिए वीकेंड पर सेल्फ डिफेंस कोर्स कर सकती हैं।

## सिग्नेचर डिश


हर व्यक्ति अपनी किसी न किसी खासियत की वजह से लोगों के बीच पहचाना जाता है। ऐसे में आप भी अपनी किसी सिग्नेचर डिश की वजह से लोगों के बीच फेमस हो सकते हैं। जब आप डिनर या पार्टी के लिए लोगों या दोस्तों को अपने घर बुला रही हैं तो मेन्यू में आपकी एक सिग्नेचर डिश तो होनी ही चाहिए जिसका स्वाद वो सालों-साल याद रखें।

## कार का टायर बदलना

अक्सर लोगों को लगता है कि गाड़ी का टायर बदलने का काम सिर्फ लड़के ही अच्छा कर सकते हैं। लेकिन अगर आप भी ड्राइव करती हैं तो यह काम आपको भी जरूर सीखना चाहिए वरना आप कभी भी मुश्किल में पड़ सकती हैं।



# डेटिंग प्रोफाइल के लिए फोटो चूज करने में इन टिप्स की लें मदद



**ऑनलाइन डेटिंग करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में जब आप ऑनलाइन प्रोफाइल को सेट करते हैं तो आप पूरी तरह से सभी कुछ बेस्ट करने की कोशिश करते हैं। जिसे देख आसानी से कोई भी इंप्रेस हो जाए। हालांकि आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि आपके प्रोफाइल का बायो पूरी तरह से आपको डिस्क्राइब करना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तभी आप ज्यादा से ज्यादा मैच पा सकते हैं। इन सभी के साथ ये भी जरूरी है कि आप एक सही प्रोफाइल फोटो चूज करें। ऐसे में आप जब भी डेटिंग प्रोफाइल फोटो चूज करें तो कुछ बातों को ध्यान में रखें। तो चलिए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में जिनकी मदद से आप अपनी प्रोफाइल फोटो सेट कर सकत हैं।**



## टिप 1

ऐसी फोटो चूज न करें जिसमें आपका चेहरा क्लीयर न हो, या फिर आपका चेहरा दिख ही न रहा हो। ये फोटो अच्छा ऑप्शन नहीं होगा क्योंकि सामने वाले को आपकी फोटो ही नहीं दिखेगी। ऐसी फोटो चुने जिसमें आप पूरी तरह से दिख रहे हों।

## टिप 2

कई बार लोग डेटिंग एप पर ग्रुप फोटो लगाते हैं, ऐसे में सामने वाले को ये कंफ्यूजन हो सकता है कि प्रोफाइल किसकी है। तो ध्यान रखें की फोटो सिर्फ आपकी हो न की ग्रुप फोटो हो।

## टिप 3

ऑनलाइन डेटिंग एप पर अगर आप फोटो स्लेक्ट कर रहे हैं तो ऐसी फोटो लगाएं जो आपको डिस्क्राइब करे। अगर आपको कैंपिंग पसंद है तो आप कैंपिंग की फोटो लगा सकते हैं या फिर अगर आपको बुक्स पढ़ना पसंद है तो किसी लाइब्रेरी की फोटो लगा सकते हैं।

## टिप 4

एक ऐसी फोटो लगाएं जिसमें आप कॉन्फिडेंट नजर आ रहे हैं। कई बार लोग अपने कपड़ों के साथ कॉन्फिडेंट नहीं होते हैं फिर भी उन कपड़ों में वह प्रोफाइल फोटो लगा सकते हैं।





# कहीं आपकी चांदी की ज्वेलरी नकली तो नहीं है? ऐसे जानें

**सोना और प्लेटिनम की तरह ही चांदी भी एक लोकप्रिय धातु है। आमतौर पर लोग सोने और चांदी के गहने पहनना पसंद करते हैं और वास्तव में चांदी के गहने दिखने में खूबसूरत भी लगते हैं। जब बात चांदी के गहनों को आती है तो लोग मुख्य रूप से इसकी पायल और बिछिया पहनते हैं। चांदी एक कीमती धातु है जो बहुतायत में पाई जाती है और इसका उपयोग गहनों के अलावा पूजा के सिक्के, सजावटी सामान, मूर्तियां और अन्य टिकाऊ वस्तुएं जैसे बर्तन बनाने के लिए भी किया जाता है।**

यह एक नरम धातु है और यदि आप अपनी चांदी से बनी चीजों की उचित देखभाल करते हैं, तो यह लंबे समय तक नए जैसी बनी रहती हैं। चाहे आप चांदी के झुमके की एक जोड़ी खरीदें या स्टर्लिंग चांदी से बनी चांदी की अंगूठी और पायल, यदि आप इसकी अच्छी देखभाल करेंगी तो या सालों साल नयी जैसी बनी रहेंगी। लेकिन देखभाल के साथ आपके लिए इन्हें खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि आप जो चांदी खरीद रही हैं वो असली और शुद्ध है या नहीं। वास्तव में यदि आप नकली चांदी खरीदेंगी के बाद भी ये जल्दी ही खराब होने लगती है। आइए जानें कि आप किन युक्तियों से इस बात का पता आसानी से लगा सकती हैं कि आपकी चांदी असली है या नहीं।

## लेबल की जांच करें

चांदी की वस्तु असली है या नकली यह जांचने के लिए आभूषण पर लेबल की जांच करना। यदि उस पर एक छोटा लेबिल है जिसमें स्टर' या 'स्टर्लिंग' प्रिंट है, तो इसका मतलब है कि वस्तु

चांदी या चांदी चढ़ाया हुआ। जब भी चांदी की वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय या घरेलू स्तर पर बेचा जाता है, तो एक हॉलमार्क ट्रेड स्टैम्प होता है जो धातु को प्रमाणित करता है। किसी दुकान से चांदी की वस्तु खरीदने से पहले, हमेशा 'स्टर्लिंग' के मानक स्टैंप की जांच जरूर करें।

## मैग्नेट टेस्ट

मैग्नेट का उपयोग करके यह जांचने का एक और अच्छा तरीका है कि आपने जो चांदी खरीदी है वह असली है या नकली। यदि आपके घर में कोई भी चुम्बक पड़ा हुआ है, तो आप इसका उपयोग

प्रदर्शित करती है। इसके लिए एक मैग्नेट का प्रयोग करें और उसे चांदी की वस्तु के करीब लाएं जिसे आप जांचना चाहते हैं और देखें कि क्या यह मैग्नेट से मजबूती से चिपकती है। यदि ऐसा है तो समझ लें कि ये असली चांदी नहीं है।( मोतियों की ज्वेलरी की ऐसे करें केयर)

## आइस क्यूब टेस्ट

चांदी के शुद्ध होने या न होने की जांच करने का एक और आसान तरीका बर्फ के टुकड़े का उपयोग करना है। यह विधि चांदी के सिक्कों और अन्य चांदी की वस्तुओं के सपाट सतहों के परीक्षण के लिए आदर्श है। चांदी के सिक्के या गहनों पर आइस क्यूब रखें। यदि आइस क्यूब जल्दी पिघलती है, तो आपके पास जो चांदी की वस्तु है वह असली है। दरअसल चांदी में किसी सामान्य धातु की तुलना में अत्यधिक मात्रा में थर्मल कंडक्टिविटी होती है जो बर्फ को तुरंत पिघला देती है।

## वजन परीक्षण

चांदी अधिकांश धातुओं की तुलना में ज्यादा हैवी होती है। इस धातु के वजन में एक विशिष्ट व्यास और मोटाई होती है। यदि चांदी का वजन कम होता है, तो यह स्टर्लिंग चांदी के बजाय हल्के चांदी के मिश्र धातुओं से बनी हो सकती है। यदि इसका वजन अधिक है, तो

आमतौर पर चांदी की परत वाली वस्तुओं की तुलना में ठंडी होती है और चमकदार होती है।

## ब्लीच टेस्ट

चांदी की धातु की प्रामाणिकता की जांच के लिए ब्लीच का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बस चांदी की वस्तु पर ब्लीच की एक बूंद डालें। ब्लीच जैसे ऑक्सीडाइजिंग केमिकल के संपर्क में आने के बाद अगर यह धूमिल हो जाए तो यह असली चांदी है। ब्लीच के संपर्क में आने पर असली चांदी तुरंत काली हो जाएगी जबकि नकली धातु पर ब्लीच का कोई असर नहीं होता है। लेकिन

हिस्से में ही ब्लीच डालें।

इन सभी युक्तियों से आप अपनी चांदी के गहनों की जांच कर सकते हैं और ये पता लगा सकते हैं कि चांदी असली है या नकली।